# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बाजारवाद की अंधा 'धुंध' में भी चमक रहा सेवा का ध्रुव तारा

*हो ध्येय तुम्हारा गंगा-जल-सा चिर पावन, जो कामद, रविकर आलोकित कृति का कारण, जो त्याग, दया, पर दुखकातरता से मण्डित, पर गर्हित पद-पद कुत्सित पशुता से वंचित ।*



*यह पंक्तियां रामइकबाल सिंह की कविता 'डाक्टर के प्रति' की हैं। 89 वर्ष पूर्व सृजित इन पंक्तियों का वर्तमान से गहरा वास्ता है। वास्ता उस पेशे से जुड़े चिकित्सकों से है जिन्हें हमने भगवान माना। जिनका ध्येय सेवा का था, जिन पर आंख मूंद भरोसा करते थे। पर, वक्त के साथ हालात बदले हैं। इस पवित्र पेशे में आए कुछ व्यावसायिक चिकित्सकों की वजह से आस्था कमतर हुई है, लेकिन कभी सबकुछ बेहतर नहीं होता, सबकुछ कभी बद्तर भी नहीं होता। हरिभूमि ने डॉक्टर्स डे पर आसपास निहारा। टीम हरिभूमि बाजार की गिरफ्त से बचे हुए कुछ भगवानों तक पहुंची। परमार्थ की मिट्टी में समाए कई चिकित्सकों की कहानियां बटोरीं....वे डॉक्टर कहते हैं-सेवा में जो सुकून हैं, वो धनार्जन की अंधी दौड़ में नहीं है। इस पेशे के मूल में ही गंगा जल सा ध्येय है। दूसरे के दुख को हरने का कारण बनना है। वही तो हम कर रहे हैं...बाकी क्या करते हैं इससे हमें क्या। डॉक्टर्स डे पर उन सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं, जो परमार्थ को सर्वोपरि समझते हैं। जो उम्मीद जगाते हैं कि सबकुछ कभी खत्म नहीं होता। जो सदैव अंधकार में भी प्रकाश पुंज की तरह उम्मीद बंधाते हैं। उन सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की...शुभकामनाएं।*

## 13 वर्षों से आदिवासियों के बीच रहकर कर रहे उपचार

*न्यूरोलॉजिस्ट होते हुए भी तीन वर्षों से सरगुजा के गांवों में दे रहे सेवाएं, आदिवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करना है उद्देश्य*

**अंबिकापुर।** धरती पर डॉक्टरों को ईश्वर का स्वरुप माना गया है जिनके हाथों में जान बचाने की ताकत होती है लेकिन आज के समय में डॉक्टरी के पेशे को पैसों से जोड़कर देखा जाता है।इसी वजह से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के बाशिंदों को अच्छी चिकित्सा सुविधा नसीब भी नहीं हो पाती। इन सबके बीच ऐसे चिकित्सक भी हैं जो महंगे पैकेज और सुख सुविधाओं को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उपचार कर नई जिंदगी दे रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें बेहतर उपचार सुविधा मुहैय्या कराने का प्रयास कर रहे हैं।

हम बात कर रहे है संगवारी के तहत सरगुजा में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों की। इनमें से शेष पेज 4 पर

## तीन बार ट्रांसफर हुआ... लोगों ने वापस पोस्टिंग कराई



**धमतरी।** जिला मुख्यालय धमतरी के निकटस्थ ग्राम संबलपुर निवासी डॉ. भेषज रामटेके लगभग 22 साल से बस्तर के अंतागढ़ और आसपास के गांवों में जाकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। वे ऐसे एकमात्र डॉक्टर हैं, जिनका दो से तीन बार कभी कांकेर तो कभी भानुप्रतापपुर ट्रांसफर होने शेष पेज 4 पर

### बैतूलपुर के लेप्रोसी अस्पताल में शुरू किया काम, अब वहीं के चिकित्सा अधीक्षक

# ऑपरेशन के बाद मरीज को नाचते देख बदला मन, कुष्ठ रोगियों के बीच रच-बस गया जीवन

रायपुर- विकास शर्मा/अंबिकापुर-नदीम अंसारी/जगदलपुर-महेंद्र विश्वकर्मा/कोंटा-रफीक खान एवं धमतरी-उमेश सिंह बशिष्ट की विशेष रिपोर्ट

डॉक्टर्स-डे पर विशेष

### बीस साल में सैकड़ों लेप्रोसी मरीज की सर्जरी, जरूरत पर आर्थिक मदद भी

जीवन में होने वाली कोई एक घटना कुछ अलग करने का लक्ष्य निर्धारित कर देती है। कहानी बीस साल पुरानी है। डॉ. मंतोष एलक्ना बताते हैं कि एक कुष्ठ रोगी का आपरेशन किया था। दिन में आपरेशन हुआ। शाम को अस्पताल से बाहर निकला तो देखा कि मरीज नाच रहा है। आपरेशन के कुछ घंटे बाद ही उसे नाचता देख गुस्सा आया। मैंने डांटा तो वह भावुक हो गया। बोला-शादी के कुछ दिन बाद ही बीवी को उसके मायके वाले यह कहकर ले गए कि जब तक मैं ठीक नहीं होता, साथ नहीं रहने देंगे। अब मैं ठीक हो जाऊंगा। मेरा परिवार बच जाएगा।बस...उसी खुशी में झूम रहा हूं। उस दिन मुझे मेरी जिंदगी का मकसद मिल गया। वो दिन है और आज का दिन...मैंने कुष्ठ अस्पताल को ही अपना मान लिया है। बैतूलपुर, चंदखुरी के लेप्रोसी अस्पताल शेष पेज 4 पर





## 16 साल से नक्सलगढ़ में स्वास्थ्य दूत बने डॉक्टर

नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र सुकमा जिला में ग्रामीण सहायक चिकित्सक के रूप में दर्जनों डाक्टर्स सेवा दे रहे हैं। जो संविदा में 2008 से अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में नियुक्त हैं। धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों सहित जवानों का भी इलाज कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान अग्रिम पंक्ति के योद्धा के रूप में इन्होंने काम किया है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड में लगभग एक दशक से सेवा दे रहे चिकित्सकों में जगरगुंडा में डॉ. विपिन ठाकुर निवासी केशकाल तथा डॉ. युवराज साहू निवासी बालोद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिंतलनार में पदस्थ हैं। नक्सल प्रभावित चिंतागुफा में डॉ. मुकेश बख्शी सेवा दे रहे हैं। कोंटा विकासखण्ड में एक ग्रामीण सहायक चिकित्सक डॉ. रूद्रमणि वैष्णव ऐसे भी हैं, जो छत्तीसगढ़ से आंध्रप्रदेश, तेलंगाना दो राज्यों के सीमाओं को पार कर छत्तीसगढ़ के अंतिम सीमा क्षेत्र के मरईगुड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले पोटकपल्ली, किस्ताराम, गोलापल्ली, मेहता, बंडा तक की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर स्वास्थ्य सेवा ग्रामीणों तक पहुंचा रहे हैं। सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकासखण्ड में विगत एक दशक से डॉ. लल्ली साहू निवासी कांकेर अपनी सेवा दे रही है। चिकित्सकों ने बताया, बारिश में जब नदी पार स्थित गांव में महामारी अथवा बीमारी की सूचना आती है तो चिकित्सकों को दवाईयों सहित अन्य सुविधाओं के साथ जाना पड़ता है। उस पार नक्सल खौफ तो है ही, साथ ही नदी पार करते समय छोटी नाव (डोंगी) में बैठकर उफनते प्रवाह को पार करना किसी खतरे शेष पेज 4 पर





## 62 गांवों के मसीहा बने डॉ. रमेश

*बस्तर संभाग के बीजापुर जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ है, जहां पदस्थ डॉ. रमेश कुमार तिग्गा ने इंद्रावती नदी पार बसे गांवों में ग्रामीणों का खुले आसमान के नीचे शिविर लगाकर इलाज शुरू किया है।*

**जगदलपुर।** क्षेत्र के 62 ग्राम पहुंचविहीन हैं, जहां बारिश में पूरी तरह आवागमन बंद रहता है। ऐसे गांव तक पहुंचना भी आसान नहीं था। तब स्वास्थ्य विभाग की टीम पहले भैरमगढ़ से होते हुए इंद्रावती नदी को लकड़ी की छोटी नाव से पार कर रही है। पिछले लगभग 4 वर्षों से इन पहुंचविहीन गांवों में रुककर स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से सेवा दी, अपने सेवाकाल के दौरान शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया। अति संवेदनशील क्षेत्र उप स्वास्थ्य केंद्र सागमेटा एवं इंद्रावती नदी के पार उप स्वास्थ्य केंद्र बेलनार, मंगनार, धर्मा एवं बड़ेपल्ली में जो पूर्व में घर पर प्रसव हो रहे थे, उन्हें संस्थागत प्रसव में सुनिश्चित कराना अति संवेदनशील होता है। स्वास्थ्य विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक डॉ. केके नाग ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैरमगढ़ के डॉ. रमेश कुमार तिग्गा इंद्रावती में जान जोखिम में डालकर नाव से पहुंचकर गर्भवती माताओं शेष पेज 4 पर









## खबर संक्षेप

### बाघिन ने तीन शावकों को दिया जन्म

**ग्वालियर।** मप्र में ग्वालियर शहर के एक प्राणी उद्यान में एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया, जिनमें सफेद रंग का एक शावक भी शामिल है। शावकों और बाघिन को अलग-अलग रखा गया है। उनकी निगरानी की जा रही है।



### सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने पिछले दो महीने से श्रीलंका से 167 करोड़ रुपए मूल्य के 267 किलोग्राम सोने की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। कथित तौर पर अपराध में शामिल एक दुकान मालिक को गिरफ्तार किया गया है।



### गिरिडीह में निर्माणाधीन पुल का गर्डर गिरा

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में अरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक गर्डर भारी बारिश के कारण गिर गया और एक पिलर भी झुक गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना झारखंड की राजधानी रांची से 235 किलोमीटर दूर देवरी प्रखंड में हुई।



लालखदान ओवरब्रिज पर हादसा

## बस पोल से टकराकर पलटी नवजात की मौत, 31 घायल

*पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने यात्रियों को निकाला बाहर*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

लालखदान ओवरब्रिज में सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के फेर में यात्री बस अनियंत्रित होकर विपरीत साइड के इलेक्ट्रिक पोल से टकराकर पलट गई। हादसे में एक नवजात की मौत हो गई। वहीं 31 यात्रियों को चोट आई है। पुलिस व एसटीआरएफ की टीम ने बस से घायल यात्रियों को बाहर निकालकर शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री साय जताया दुख

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर बस हादसे में नवजात बच्चे की मौत व यात्रियों के घायल होने पर दुख प्रकट किया है। उन्होने कलेक्टर को घायल यात्रियों के इलाज की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

## मैं निर्दोष हूं बताने में बैंक प्रबंधक की निकल गई आधी जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- 26 वर्ष बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष कोर्ट से पारित आदेश को किया खारिज

मैं निर्दोष हूं बताने में बैंक प्रबंधक की आधी जिंदगी निकल गई। 26 वर्ष बाद कोर्ट ने माना कि शिकायतकर्ता विश्वनीय नहीं है और प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत स्वीकृत राशि के भुगतान के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में फंसे इस बैंक प्रबंधक को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने निर्दोष मानते हुए सीबीआई जबलपुर की विशेष कोर्ट से सुनाई गई सजा को खारिज किया है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम शेष पेज 4 पर



### खाता खोलने, मार्जिन मनी व स्टाम्प शुल्क का था पैसा

हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान यह बात आई कि शिकायतकर्ता ने शाखा प्रबंधक से मुलाकात की थी। प्रबंधक ने 95 हजार रुपए लोन स्वीकृत होने की जानकारी दी। इसके लिए बैक में खाता खोलने, दस्तावेजीकरण, मार्जिन मनी व स्टाम्प शुल्क लगने की जानकरी दी व इस पर 7000 रुपए लगने शेष पेज 4 पर

### सीबीआई की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ

प्रबंधक ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील पेश की। राज्य विभाजन के बाद अपील को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को भेजा गया। राज्य गठन के बाद 24 वर्ष तक मामला यहां लंबित रहा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने पुराने मामलों को निराकृत करने सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इस पर मामले को शेष पेज 4 पर

### टी20 वर्ल्ड कप समापन के बाद दुनियाभर में आई संन्यास की बाढ़

## रोहित-विराट-जडेजा सहित 8 खिलाड़ियों ने लिया संन्यास


हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया ने बारबाडोस में खेले गए खिताबी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में हरा 17 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप जीता। पूरा देश इस जीत के जश्न में था लेकिन इस बीच फैंस के लिए उदास करने वाली खबर आ गई। विराट कोहली, फिर रोहित शर्मा और रविन्द्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर दिया। विराट कोहली ने फाइनल में 76 रनों की पारी खेली शेष पेज 4 पर




**रोहित शर्मा**

टीम इंडिया को 11 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी और 17 साल बाद टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने फाइनल मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था।



**विराट कोहली**

फाइनल मैच में दमदार पारी खेल टीम इंडिया की जीत के हीरो रहे विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप के बाद संन्यास का ऐलान किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद फैसला सुनाया।



**रवींद्र जडेजा**

रोहित और विराट के बाद भारत के एक और दिग्गज खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास का ऐलान कर दिया। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखकर अपना फैसला सुनाया।

विदेशी भी शामिल

### डेविड वॉर्नर

ऑस्ट्रेलिया को इस वर्ल्ड कप में खिताबी जीत का दावेदार माना जा रहा था। लेकिन ये टीम सुपर-8 से बाहर हो गई। इसके बाद टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के संन्यास की खबर भी पुख्ता हो गई। उन्होंने पहले ही बता दिया था कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 उनका आखिरी इंटरनेशनल टूर्नामेंट होगा। वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 2015 और 2023 में वनडे वर्ल्ड शेष पेज 4 पर






छत्तीसगढ़ शासन
दाई-दीदी बर
अब हर महीना
खुशहाली लावत हे
महतारी वंदन योजना
विष्णु के सुशासन से
सँवर रहा छत्तीसगढ़
₹ 12,000 सालाना
1 जुलाई 2024
पांचवी किस्त की राशि जारी
मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए
QR SCAN करें
हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

रायपुर
सोमवार 1 जुलाई 2024
आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी
वर्ष : 22, अंक : 343
पृष्ठ : 10+6+4 =20, मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 32.4
न्यून. 25.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

3 वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर...


विचार पेज
2 युवा भारत की विराट प्रतिभा

# छग में रोज 27 किलो सोना, 500 किलो चांदी खरीद रहे निवेशक, रोजाना 25 करोड़ का निवेश

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा है। रोज-रोज नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। इन सबसे हटकर सोने और चांदी में निवेश करने वालों को कोई सरोकार नहीं होता। ये तो कीमत कितनी भी हो, निवेश करते ही हैं। हां कीमत कम होने पर निवेश थोड़ा ज्यादा हो जाता है, कीमत बढ़ने पर थोड़ा कम। अपने प्रदेश में रोज सोने और चांदी में 25 करोड़ का निवेश होता है। इसमें से 20 करोड़ का सोना और पांच करोड़ चांदी में निवेश किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक रोज 27 किलो सोना और 500 किलो चांदी निवेशक खरीदते हैं। सराफा में रोज जो 50 से 60 करोड़ का कारोबार होता है, उसमें करीब 50 फीसदी हिस्सा निवेशकों का होता है। निवेश के मामले में सोने को सबसे ज्यादा खरा माना जाता है। इसके पीछे का कारण यह है कि यह सबसे ज्यादा मुनाफा देता है। एफडी सहित अन्य योजनाओं से इसमें हर साल ज्यादा मुनाफा होता है। इधर बीते सालभर में सोने की कीमत ने तो नए-नए रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। इस बार जितनी तेजी से इसकी कीमत में इजाफा हो रहा है, उतनी पहले कभी नहीं होता था। करीब डेढ़ साल में सोने की कीमत 24 हजार रुपए बढ़ी है। 50 हजार का सोना 75 हजार तक पहुंच गया है, यानी कीमत में 50 फीसदी का इजाफा हुआ है।

अलग खबर

### प्रदेश में रोज खरीद रहे 20 करोड़ का सोना

24 कैरेट सोने की कीमत इस समय 74 लाख रुपए किलो है। प्रदेश में राजधानी रायपुर के साथ सभी शहरों को मिलाकर निवेशक रोज करीब 20 करोड़ का सोना निवेश करने के लिए खरीदते हैं। निवेश के लिए खरीदा जाने वाला सोना सिक्कों के साथ बिस्किट और सिल्ली की शक्ल में होता है। जहां एक ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सिक्के मिलते हैं। वहीं किलो में लेने के लिए सिल्ली के रूप में मिलते हैं। निवेश के लिए खरीदे जाने वाले सोने को ही बुलियन कहा जाता है। एक दिन में 20 करोड़ के निवेश के हिसाब से देखें तो करीब 27 किलो सोना होता है।

## बदला ट्रेंड, सराफा में रोज के कारोबार में 50 फीसदी हिस्सा निवेश का

### सोने के निवेश में ज्यादा मुनाफा

सोने में रोज करोड़ों का निवेश होता है। सोना सबसे ज्यादा मुनाफा देता है, इसलिए लोग सोने में निवेश करना ज्यादा पसंद करते हैं।
- कमल सोनी, अध्यक्ष, छग सराफा एसोसिएशन



### चांदी में भी निवेश

सोने के साथ ही चांदी में भी निवेश किया जाता है। हालांकि इसमें सोने की तुलना में कम निवेश होता है, क्योंकि इसकी कीमत कम होने के कारण इसको बहुत ज्यादा मात्रा में लेना पड़ता है। चांदी में निवेशक रोज करीब पांच करोड़ लगाते हैं। इतने पैसे में चांदी की कीमत से हिसाब लगाया जाए तो यह 500 किलो होती है। चांदी की कीमत 90 हजार रुपए किलो है। चांदी कारोबारी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी में निवेश करने वाले इसको सिल्ली के रूप में खरीदते हैं। यह सिल्ली, जिसको चौरसा भी कहा जाता है, यह 500 से 600 ग्राम में आती हैं। छत्तीसगढ़ में चांदी की बिक्री अन्य राज्यों से ज्यादा होती है, क्योंकि यहां के लोग चांदी के छत्तीसगढ़ी गहने बनवाना ज्यादा पसंद करते हैं।

## खबर संक्षेप

### सुनक ने स्वामीनारायण मंदिर में किए दर्शन



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के आखिरी सप्ताहांत में लंदन स्थित प्रतिष्ठित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस मंदिर को नेसडेन मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

### जबरन वसूली के आरोप में चार पर केस दर्ज




**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कारोबारी से जबरन वसूली की कोशिश करने के आरोप में स्थानीय बदमाश और उसके तीन साथियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बदमाश ने कारोबारी से ठाणे के कलवा इलाके में उसके कार्यस्थल पर संपर्क किया।

### भीड़ हिंसा में नौ के खिलाफ डकैती का मामला दर्ज





**अलीगढ़।** अलीगढ़ की युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या के मामले के करीब दो हफ्ते बाद मृतक समेत नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। भीड़ द्वारा हिंसा किए जाने के मामले में गिरफ्तार राहुल मित्तल की मां लक्ष्मी मित्तल की शिकायत पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### आईएएस मनोज ने संभाला मुख्य सचिव का पद



**लखनऊ।** आईएएस वर्ष 1988 बैच के अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया। अपर मुख्य सचिव पंचायती राज जैसे महत्वपूर्ण पदों का दायित्व निर्वहन कर रहे मनोज कुमार सिंह ने दुर्गा शंकर मिश्र के स्थान पर मुख्य सचिव का कार्यभार ग्रहण किया है।

### बैंक के सहायक प्रबंधक ने की आत्महत्या



**संभल।** संभल जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में एक बैंक के सहायक प्रबंधक ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस को चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की रविवार सुबह सूचना मिली। मृतक के सिर पर गोली लगने का निशान था और उसे हाथ में तमंचा था।

### पेंशनभोगियों के लिए आज से विशेष अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह पारिवारिक पेंशनभोगियों की शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए सोमवार को यहां एक विशेष अभियान की शुरुआत करेंगे। वर्तमान में ऑनलाइन केंद्रीयकृत पेंशन शिकायत एवं निवारण प्रणाली पर प्रतिवर्ष लगभग 90,000 मामले पंजीकृत किए जा रहे हैं।


## सात साल या उससे ज्यादा की सजा पर अनिवार्य रूप से फोरेंसिक जांच करने का प्रावधान

# छग समेत देश में आधी रात लागू हुआ नया कानून, हत्या 302 की जगह अब धारा 103

तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम रविवार आधी रात के बाद लागू हो गए हैं। नए कानून में दंड की जगह न्याय पर बल दिया गया है। नए कानून लागू होने के बाद पुराने कानून इतिहास के पन्नों में हमेशा के लिए दफन हो जाएंगे। अब पुलिस को हर हाल में 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल करना होगा। सात साल से कम सजा वाले मामलों में आरोपपत्र दाखिल करने के समय आरोपी की गिरफ्तारी अनिवार्य नहीं होगी, वह गिरफ्तारी प्रकरण की गंभीरता के आधार पर तय की जाएगी।

**खास बातें**
- चेन स्नेचिंग मामले में अब चोरी की जगह झपटमारी का अपराध दर्ज
- नए कानून में पहली बार ऑर्गेनाइज्ड क्राइम

खास खबर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए कानून लागू होने के साथ ही पुलिस का क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) 30 जून की आधी रात के बाद बदल गया। पुलिस को ऑनलाइन एफआईआर नए सिस्टम से दर्ज करनी होगी। पुलिस अफसरों के मुताबिक, नए कानून लागू होने के बाद अपराध दर्ज करने वाले मुंशी को तथा विवेचक को किसी तरह से कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। एक पुलिस अफसर के मुताबिक नए ▶▶|शेष पेज 4 पर

### महिला के लिए खास
- *गैंगरेप में 20 साल की सजा, आजीवन कारावास*
- *यौन संबंध के लिए झूठे वादे करना या पहचान छिपाना अब अपराध*
- *पीड़िता के घर पर महिला अधिकारी की मौजूदगी में दर्ज होगा बयान*


### बुजुर्गों को छूट
- *60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों को पुलिस थाने आने से छूट*
- *अपने निवास स्थान से ही प्राप्त कर सकेंगे पुलिस सहायता*





### बच्चों की सुरक्षा
- *बच्चों से अपराध करवाना, आपराधिक कृत्य में शामिल करना दंडनीय*
- *नाबालिग बच्चों की खरीद-फरोख्त जघन्य अपराधों में शामिल*
- *नाबालिग से गैंगरेप पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड*
- *पीड़ित का अभिभावक की उपस्थिति में दर्ज होगा बयान*

### शाह बोले-न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता



*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नए कानून न्याय मुहैया कराने को प्राथमिकता देंगे जबकि अंग्रेजों (देश पर ब्रिटिश शासन) के समय के कानूनों में दंडनीय कार्रवाई को प्राथमिकता दी गई थी। उन्होंने कहा, इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं।*

### हत्या से लेकर सभी तरह के अपराध की धाराएं बदलीं
- हत्या - 302 की जगह 103
- चोरी - 379 की जगह 303
- ठगी - 420 की जगह 118
- रेप - 376 की जगह 64
- मॉब लिंचिंग में पहली बार भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 101 के तहत अपराध दर्ज होगा

### धाराएं बदली हैं, प्रोसिडिंग वैसे ही

नए कानून 1 जुलाई से लागू हो रहे हैं, उसमें धाराएं बदली हैं, ट्रायल के साथ फैसला सुनाने समयसीमा तय की गई है। प्रोसिडिंग वैसी ही रहेगी। नए कानून लागू होने के बाद तैयारी करने जैसी कोई नई बात नहीं है।
- **ठाकुर आनंद मोहन सिंह**, सीनियर क्रिमिनल लॉयर

### लगातार प्रशिक्षण दिए जा रहे

नए कानून लागू होने के बाद पूर्व में विवेचना करने जो प्रक्रिया अपनाई जाती थी, वह प्रक्रिया यथावत रहेगी। धाराएं बदली गई हैं, इसके लिए विवेचकों को लगातार प्रशिक्षित करने का काम चल रहा है। साथ ही विवेचकों को नए कानून की जानकारी देने कानून की पुस्तक उपलब्ध कराई गई है।
- **लखन पटले**, एएसपी सिटी

तीन दिनों से चल रहा विवाद

# मां के अंतिम संस्कार में आड़े आया 'धर्म'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के एर्राकोट में महिला की मौत के तीन दिन बाद भी अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है। दो बेटों के होते हुए भी अंतिम संस्कार के लिए सहमति नहीं बन सकी है। वहीं विवाद की स्थिति को देखते हुए तीसरे दिन भी भारी संख्या में फोर्स की तैनाती की गई है। वहीं पुलिस व प्रशासन की टीम भी मौके पर डटी हुई है। जानकारी के मुताबिक एर्राकोट निवासी पाण्डो कश्यप पति सुकड़ो कश्यप (70) की शुक्रवार रात बीमारी के चलते मौत हो गई थी। इनके दो पुत्र है मृतिका ईसाई धर्म को मानने वाले अपने छोटे बेटे रामलाल कश्यप ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बेटे के आने के बाद हो सकेगा अंतिम संस्कार


छोटे बेटे ने उसके आने तक अंतिम संस्कार नहीं करने की बात परिवार के अलावा पुलिस व प्रशासन से कही है। इसे देखते हुए प्रशासन की पहल पर शव को मेडिकल कॉलेज में रखवाया गया है। अब संभवतः चौथे दिन रामलाल के लौटने के बाद ही अंतिम संस्कार हो सकेगा। विवाद देख कर जवानों की तैनाती कर दी गई है।

### समझाइश के बाद भी सहमति नहीं

दोनों पक्षों को मृतका का अंतिम संस्कार के लिए सहमति का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद तीसरे दिन भी अंतिम संस्कार नहीं किया जा सका है और शव को मेकाज भेजना पड़ा। विवाद को देखते हुए फोर्स की तैनाती व क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही है।
-**महेश्वर नाग**, एएसपी, बस्तर

सदन में आज बहस की संभावना

# नीट, अग्निवीर पर संसद में फिर छिड़ेगा संग्राम!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद की कार्यवाही के सोमवार को पुनः आरंभ होने पर, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर जोरदार बहस होने की संभावना है। विपक्ष प्रश्नपत्र लीक मामले के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी उठा सकता है। लोकसभा में भाजपा के सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की शुरुआत करेंगे। भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी एवं पहली बार की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज इस प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगी। लोकसभा ने धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया है, जिसका समापन मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ होगा।

### और तीखी हो सकती है सरकार-विपक्ष के बीच बहस

संसद के इस सत्र में विभिन्न मुद्दों पर गरमागरम बहस की संभावना है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार और विपक्ष के बीच संघर्ष बढ़ता जा रहा है। नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना, और महंगाई जैसे मुद्दे जनता के बीच भी गहन चर्चा का विषय बन गए हैं। अगले कुछ दिनों में संसद की कार्यवाही में सरकार और विपक्ष की प्रतिक्रियाएं देश की राजनीति के भविष्य को प्रभावित कर सकती हैं।

### नीट पर हुआ था हंगामा

*लोकसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' में कथित अनियमितता पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया, जिस कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नीट विवाद पर चर्चा कराने की मांग को लेकर विपक्ष ने राज्यसभा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे भी अपने साथी सदस्यों के साथ आसन के करीब आ गए।*

### सांसद फूलो देवी हो गई थीं बेहोश

*नीट मुद्दे पर शुक्रवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम उच्च रक्तचाप के कारण अचानक बेहोश हो गईं, जिसके बाद उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही स्थगित न करने तथा राज्यसभा सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता न करने के लिए सरकार की आलोचना की।*

अमरनाथ यात्रा के लिए तीसरा जत्था रवाना

# एक्सीडेंट में दोनों पैर गंवाने वाला कर रहा अमरनाथ की 12वीं यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजस्थान के आनंद सिंह उन 6,619 तीर्थयात्रियों के तीसरे जत्थे में शामिल हैं, जो हिमालय में वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा में भाग लेने के लिए जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए हैं। भगवान शिव के भक्त सिंह अमरनाथ की अपनी 12वीं यात्रा पर निकले हैं। उनकी भक्ति ने उनकी विकलांगता को बाधा नहीं बनने दिया है। आनंद सिंह ने 2002 में एक दुर्घटना में अपने दोनों पैर खोने के बाद से केवल तीन बार यात्रा छोड़ी है।





### ऐसे करते हैं सफर

सिंह एक ट्रक के टायर के कटआउट में बैठते हैं और अपने हाथों का उपयोग करके चलते हैं। सिंह ने कहा, पहले चार या पांच वर्षों तक, मैं अपने हाथों का उपयोग करके खुद को घसीटता था, लेकिन अब मेरे लिए यह मुश्किल हो गया है, मैं पालकी में यात्रा करता हूं। आनंद सिंह ने कहा कि उनका भगवान शिव के साथ एक 'विशेष' रिश्ता है।

### 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त तक

*दक्षिण कश्मीर हिमालय के अनंतनाग जिले के पहलगाम क्षेत्र में स्थित गुफा मंदिर की वार्षिक यात्रा 29 जून को शुरू हुई, 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। बता दें कि गुफा की खोज 150 साल से भी पहले एक मुस्लिम चरवाहे ने की थी।*

सीएम साय की पहल से आज से नई सुविधा

# ड्राइविंग लाइसेंस गलत पते से लौटा तो परिवहन कार्यालयों से मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ऐसे प्राप्त कर सकेंगे लाइसेंस

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाइसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगें।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने थलसेना प्रमुख के रूप में संभाला कार्यभार

# चीन-पाकिस्तान की गहरी समझ रखते हैं नए आर्मी चीफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव रखने वाले जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को थलसेना के 30वें प्रमुख के रूप में पदभार संभाल लिया। जनरल द्विवेदी ऐसे समय में सेना प्रमुख बने हैं जब भारत, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा सहित अनेक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है। वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं। जनरल द्विवेदी ने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है, जो थलसेना में चार दशक से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। जनरल द्विवेदी के पास अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए प्रभावी योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने का व्यापक अनुभव एवं शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है।



### तालमेल बनाने की होगी चुनौती

सेना प्रमुख के तौर पर, जनरल द्विवेदी को एकीकृत कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर नौसेना तथा वायुसेना के साथ भी तालमेल बनाना होगा। थलसेना ने कहा कि राष्ट्र के समक्ष उभरते सुरक्षा खतरों का मुकाबला करने के वास्ते अभियानगत तैयारी सेना प्रमुख के लिए काफी महत्वपूर्ण कार्य होगा।

### इसलिए बनाए गए चीफ
- *लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के पास चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर व्यापक परिचालन अनुभव है।*
- *40 वर्षों की लंबी एवं विशिष्ट सेवा के दौरान उन्होंने विभिन्न कमान, स्टाफ एवं विदेश की नियुक्तियों में कार्य किया है।*
- *परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और तीन जीओसी-इन-सी प्रशस्ति पत्रों से सम्मानित किया गया है।*
- *डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कालेज, वेलिंगटन और आर्मी वार कालेज, महू (मप्र) में प्रशिक्षण भी प्राप्त किया है।*

### दो क्लासमेट ने संभाली कमान



भारतीय सैन्य इतिहास में पहली बार दो सहपाठी ने नौसेना और थलसेना की एक साथ कमान संभाली है। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को थलसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया, जबकि एडमिरल दिनेश त्रिपाठी 30 अप्रैल से ही नौसेना के प्रमुख हैं। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सैनिक स्कूल, रीवा, में पढ़ाई की है।

## चिंतन

# टीम भारत की 'विराट' जीत ने रचा कीर्तिमान

टीम भारत ने एक बार फिर से इतिहास रचा है। टी-20 विश्व कप अपने नाम किया है। यह दूसरा मौका है जब भारतीय क्रिकेट टीम ने 20 ओवर के फॉर्मेट में विश्व कप जीता है। इससे पहले वर्ष 2007 में जीता था। वर्ष 2007 में ही टी-20 विश्व कप की शुरूआत हुई थी। उस वर्ष भारत ने विश्व में इस फास्ट फार्मेट में अपना सिक्का जमाया था। विश्व को यह फटाफट क्रिकेट फॉर्मेट में जोश व जुनून भारत की ही देन है। उस वक्त महेंद्र सिंह धोनी कप्तान थे। आईसीसी टूर्नामेंट में पहली बार कपिलदेव की कप्तानी में टीम इंडिया ने वर्ष 1983 में एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप जीता था। उसके बाद टीम भारत की यात्रा कठिन रही। दूसरी आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी वर्ष 2007 में मिली, उसके बाद चार वर्ष के अंतराल में ही वर्ष 2011 में टीम भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में वनडे विश्व कप जीत कर फिर से कीर्तिमान बनाया। महेंद्र सिंह धोनी भारत के ऐसे कप्तान बने, जिनके नाम वनडे व टी-20 दोनों क्रिकेट विश्व कप जीतने का रिकार्ड दर्ज है। अब वर्ष 2011 के 13 साल बाद वर्ष 2024 में टीम भारत ने कोई मेन्स क्रिकेट विश्व कप जीता है। भारत ने दूसरा टी-20 विश्व कप 17 वर्ष बाद जीता है, यह दिखाता है कि एक बेहतरीन टीम होने के बावजूद टीम भारत को कितनी प्रतीक्षा करनी पड़ी है। भारतीय क्रिकेट के कप्तान रोहित शर्मा की टीम ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर रोमांचक जीत हासिल करने का कारनामा किया। यह कप्तानी की जीत है, टीम स्पिरिट की जीत है, सभी खिलाड़ियों के एक टीम के रूप में उम्दा प्रदर्शन की जीत है, खिलाड़ियों के जोश, जज्बे और जुनून की जीत है। खिलाड़ी से लेकर पर्दे के पीछे टीम प्रबंधन के सभी स्टाफ की सामूहिक मेहनत की जीत है। टीम भारत के प्लइंग इलेवन-रोहित शर्मा, विराट कोहली, रवींद्र जाडेजा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बूमराह, रिषभ पंत, शिवम दूबे, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, सूर्य कुमार यादव, सभी ने विश्व कप के सभी मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोच राहुल द्रविड़ की मेंटर के रूप में जितनी भी तारीफ की जाय कम है। इस विश्व कप की खास बात है कि भारत ने अपना एक भी मैच नहीं हारा। बीसीसीआई का अधिक भरोसा विदेशी कोचों पर रहा है, लेकिन जैसे जैसे भारत में प्रतिभावान खिलाड़ियों की पौध बढ़ती गई है, टीम प्रबंधन में भारतीय प्रतिभाओं पर भरोसा बढ़ता गया है। रिजल्ट भी दिख रहा है। भारतीय टीम में कभी दि वाल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़ ने अपने खेल के समय विश्व कप जीतने वाली टीम के हिस्सा नहीं बन सके, लेकिन उनका सपना एक कोच के रूप में जरूर पूरा हुआ है। वर्ष 2024 में आईसीसी टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच महान क्रिकेटर राहुल द्रविड़ हैं। आगे वे कोच रहेंगे या नहीं, लेकिन यह कप उनके लिए हमेशा यादगार रहेगा। यह विश्व कप एक उदास क्षण भी लेकर आया है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जाडेजा ने टी-20 फार्मेट के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। अब अगले किसी टी-20 आईसीसी टूर्नामेंट में विराट, रोहित जैसे महान खिलाड़ी खेलते नजर नहीं आएंगे। वर्ष 1983 में भारत एक अंडरडॉग टीम थी, किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत फाइनल में वेस्टइंडीज को हरा देगा। लेकिन ऑलराउंडर कपिलदेव ने अपने बूते टीम इंडिया की नैया पार लगाई थी। उसके बाद बहुत देर लगही। भारतीय क्रिकेट में जीत का जुनून पैदा करने का श्रेय कप्तान सौरभ गांगुली को जाता है, बेशक उनकी कप्तानी में भारत ने विश्व कप न जीता हो, पर जीतने वाली टीम का आधार उन्होंने ही तैयार किया। आज टीम भारत विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। धोनी, विराट और रोहित शर्मा ने सौरभ की जुनूनी धारा को आगे बढ़ाया है। बोर्ड के रूप में बीसीसीआई का योगदान भी अहम है। वेस्ट इंडीज में बारबाडोस की भूमि भारतीय विश्व कप जीत के इतिहास में अंकित हो गई है। टीम भारत को इस रोमांचक जीत के लिए बधाई।

## न्याय संहिता

कृष्णमोहन झा



# न्यायिक व्यवस्था में मील के पत्थर साबित होंगे नए कानून

आज एक जुलाई है। यह तारीख भारतीय न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। आज से ही देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नए आपराधिक कानूनों को लागू किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात सांसदों के समक्ष रखी। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू होने जा रहा है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पुरातन ब्रिटिश औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर नहीं न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए और अंग्रेज़ी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। इनको लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इन तीनों कानून का उद्देश्य दंड देने का नहीं है, बल्कि न्याय देने का है, इनमें न्याय का विचार है। भारतीय विचार में न्याय एक प्रकार से अंब्रेला टर्म है। 'न्याय' शब्द में गुनाह करने वाला और विक्टिम, जिसको गुनाह के कारण भुगतना पड़ा है, दोनों को समाहित करके न्याय की एक संपूर्ण कल्पना है। अमित शाह के अनुसार, कानून में कुल 313 बदलाव किए गए हैं, जो भारत के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में एक आमूलचूल परिवर्तन लाएंगे और किसी को भी अधिकतम 3 वर्षों में न्याय मिल सकेगा। खासतौर से इस कानून में महिलाओं और बच्चों का विशेष ध्यान रखा गया है, अपराधियों को सज़ा मिले ये सुनिश्चित किया गया है और पुलिस अपने अधिकारों का दुरुपयोग ना कर सके, ऐसे प्रावधान भी किए गए हैं। एक तरफ राजद्रोह जैसे कानूनों को निरस्त किया गया है, दूसरी ओर धोखा देकर महिला का शोषण करने और मॉब लिंचिग जैसे जघन्य अपराधों के लिए दंड का प्रावधान और संगठित अपराधों और आतंकवाद पर नकेल कसने का काम भी किया है। शाह ने सदन में आश्वस्त किया कि 1860 से 2023 तक अंग्रेज़ी संसद द्वारा बनाए गए कानूनों के आधार पर इस देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम चलता रहा। अब इन तीनों कानूनों की जगह भारतीय आत्मा के साथ ये तीन कानून स्थापित होंगे। 15 अक्टूबर, 2022 को प्रधानमंत्री, मोदी ने विधि मंत्रियों और विधि सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत जैसे विकासशील देश में एक स्वस्थ समाज के लिए एक त्वरित न्याय व्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि न्याय देने में देरी सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यह लंबे समय से गांवों में उपयोग में लाया गया है और अब इसे राज्य स्तर पर प्रचारित किया जा सकता है। हमें यह समझना होगा कि इसे राज्यों में स्थानीय स्तर पर न्यायिक व्यवस्था का हिस्सा कैसे बनाया जाए। आपराधिक कानूनों में इन नए संशोधनों का उद्देश्य न्यायिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, और आधुनिक बनाना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी नागरिकों को न्याय मिले और अपराधियों को उचित दंड मिले। इन सुधारों का उद्देश्य समाज में कानून और व्यवस्था को बनाए रखना और अपराधों को कम करना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## उपलब्धि


विवेक शुक्ला

विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब।

# युवा भारत की विराट प्रतिभा

विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में शानदार पारी खेलकर एक बार फिर से सिद्ध किया कि वे बिग मैच प्लेयर हैं। वे कभी भी फॉर्म में वापसी करने की कुव्वत रखते हैं। वे इसलिए ही महान नहीं हैं, क्योंकि उनके आंकड़े बेहद शानदार हैं। वे पेले और डिएगो माराडोना के कद के महान खिलाड़ी इसलिए बनते हैं,क्योंकि वे सेमीफाइनल और फाइनल जैसे अहम मैचों में छा जाते हैं। देखिए मेहनत बहुत सारे खिलाड़ी करते हैं, पर अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भी सब महान नहीं कहलाए जाते। वे ही महान खिलाड़ी माने जाते हैं, जो विपरीत हालात और उन मैचों में शानदार खेल दिखाते हैं जब उनसे उनकी टीम और उनक चाहने वाले अपेक्षा करते हैं। विराट कोहली का भी जलवा बड़े कांटे के मैचों में देखते ही बनता है। पेले और माराडोना के करियर को देख लें। आप इस नतीजे पर पहुंचेंगे कि ये खास मैचों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते थे।

विराट कोहली शनिवार को जब साउथ अफ्रीका के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तब राजधानी के पश्चिम विहार की एलआईसी कॉलोनी में रहने वाले दुआ कर रहे थे कि उनका विराट बेहतरीन पारी खेले। इस कॉलोनी वालों ने विराट कोहली को यहां सुबह-शाम खेलते हुए देखा है। इधर ही विराट कोहली का बचपन बीता। इधर अभी सामाजिकता बची हुई है। विराट कोहली 2011 की वर्ल्ड कप विजयी टीम इंडिया का सदस्य थे। वर्ल्ड कप जीत कर वापस घर आया तो एलआईसी कॉलोनी के दोस्तों के साथ मस्ती करने लगा। उसके घर में ही यंग ब्रिगेड का जमावड़ा लगा रहता। विराट सुनाता और सुनते बाकी सब। अब उसके पास पैसा आ गया था, इसलिए खेल के बाद वो अपने दोस्तों को पश्चिम विहार की एच-9 की या फिर ज्वालाहेड़ी की मार्केट में लेकर जाने लगा। ये सब कभी-कभी राजौरी गार्डन भी जाने लगे। वहां पर जाकर खाई जाती आइसक्रीम। स्टारडम से कोसों दूर बसती थी उसकी दुनिया। वो यहां पर रहते हुए सुपर स्टार बन गया था, पर वो एलआईसी कॉलोनी के किसी अंकल जी या आंटी जी के चरण स्पर्श करने से कभी पीछे नहीं हटा। शादी से पहले ही विराट कोहली ने अपनी मां के साथ गुरुग्राम में शिफ्ट कर लिया था। वहां पर बना लिया किले जैसा घर, पर उसका पश्चिम विहार से रिश्ता बना हुआ है। उसका बड़ा भाई विकास अब भी एलआईसी कॉलोनी में ही सपरिवार रहता है। उसे विराट 'वीर जी' कहता है। विराट कोहली कितनी ही बुलंदियों को छू ले पर एलआईसी कॉलोनी वालों के लिए वह अब भी चीकू ही है। वे उसे चीकू ही कहते हैं। विराट कोहली सरीखे खिलाड़ी कमजोर प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जल्दी आउट हो जाते हैं, लेकिन जब चुनौती बड़ी होती है तब ये रंग में आ जाते हैं। विराट कोहली टी-20 वर्ल्ड कप में फाइनल से पहले कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। हां, वे फाइनल में छा गए। विराट कोहली विश्व नागरिक बन चुके हैं। उन्हें उन सब देशों में पसंद किया जाता है, जहां पर क्रिकेट खेला जाता है। विराट कोहली का क्रिकेट के मैदान में जुझारू तरीके से खेलने के अलावा एक दूसरा



भी चेहरा है। वे जब क्रिकेट नहीं खेल रहे होते हैं या कहें कि फुर्सत में होते हैं तो वे सपरिवार वृंदावन जाना पसंद करते हैं। विराट कोहली वृंदावन में परमानंद जी का आशीर्वाद लेने जाते हैं। वे ऋषिकेश में दयानंद गिरि आश्रम में भी जाते हैं। दयानंद गिरि आश्रम में विराट और उनकी पत्नी अनुष्का कई बार यात्रा कर चुकी हैं। वे कुछ समय पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने सुबह चार बजे भस्म आरती की और भगवान का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली ने आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह में जाकर पंचामृत पूजन अभिषेक किया। विराट कोहली ने गले में रुद्राक्ष की माला भी धारण की।

विराट कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उनकी इस घोषणा से उनके करोड़ों चाहने वाले उदास तो जरूर हुए होंगे। बस इतनी गनीमत है कि वे अभी एक दिवसीय क्रिकेट और टेस्ट मैच खेलते रहेंगे। विराट कोहली क्रिकेट और ब्रांड की दुनिया के बादशाह हैं। विराट कोहली स्मार्ट और हैंडसम हैं। उन्हें सुपर फिट रहने का जुनून है। उनसे एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी फिटनेस के बारे में पूछा। विराट कोहली का कहना था कि मुझे लगा कि अगर अपनी फिटनेस पर ध्यान नहीं दिया तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। वह बहुत नपा-तुला खाना खाते हैं। जिस व्यक्ति से प्रधानमंत्री फिटनेस के बारे में पूछे, उससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उनका कद क्या होगा। प्रधानमंत्री मोदी उनके विवाह में भी शामिल हुए थे। अपनी तमाम उपलब्धियों के बावजूद विराट कोहली की विनम्रता अनुकरणीय है। वे बिशन सिंह बेदी के सार्वजनिक रूप से चरण स्पर्श करते थे। दिल्ली क्रिकेट के केन्द्र फिरोजशाह कोटला मैदान में होने वाले कार्यक्रमों में विराट कोहली कई बार बेदी के चरण स्पर्श करते हुए देखे गए। उन्होंने यह मुकाम परिश्रम, साधना और पक्के इरादे से पाया था। विराट कोहली का संबंध दिल्ली के एक सामान्य बिजनेस करने वाले परिवार से है। विराट के पापा प्रेम कोहली और मां सरोज ने उन्हें अभावों के बावजूद हरसंभव आगे बढ़ने के अवसर दिए। आजकल शांत दिखने वाले विराट कोहली कुछ साल पहले तक काफी अलग थे। वे बात-बात पर आवेश में आ जाया करते थे। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च के महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट शुरू होने से पहले जब भारत का राष्ट्रगान हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी, विराट कोहली और भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा साथ-साथ खड़े थे।

विराट कोहली से बड़े-बड़े ब्रांड जुड़ने के लिए बेकरार रहते हैं। विराट कोहली ने अपना पहला एड कैम्पेन 2010 में किया था। फास्ट्रैक का ये कैम्पेन उन्होंने अभिनेत्री जिनिलिया डिसूजा के साथ किया था। वो डील थी सिर्फ 25 लाख की और आज कोहली 7 करोड़ रुपये रोज के हिसाब से लेते हैं किसी ब्रांड के विज्ञापन के लिए। विराट कोहली पैसे कमाने के लिए ही किसी भी उत्पाद को प्रमोट नहीं करते हैं। विराट कोहली शीतल पेय पदार्थ पेप्सी और गोरा बनाने वाली एक उत्पाद के प्रचार करने से मना कर दिया था। विराट कोहली मानते हैं कि ये उत्पाद जंक फूड और नस्लवाद को बढ़ावा देते हैं। आप चाहें तो ऊपर वाले का धन्यवाद कर सकते हैं कि आप विराट कोहली को मैदान में खेलते हुए देख रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## ध्यान और विवेक से साधा जा सकता है मन



संकलित

**दर्शन**

मन की कोई एक जगह शरीर में पक्की नहीं है। मन तो फैला हुआ है। मन वह अदृश्य शक्ति है, जो चुपचाप से अपना काम करती चली जाती है। इस शक्ति के ऊपर हम सजगता और होश के द्वारा जरूर नियंत्रण पा सकते हैं। अच्छा-बुरा, शुभ-अशुभ, ज्ञान-अज्ञान सब तरह के संस्कार आपके मन के ऊपर अपनी छाप छोड़ते रहते हैं और ये संस्कार ही समय आने पर विचार के रूप में प्रकट होते हैं। अब आप जब भी ध्यान में बैठें, तो उस समय अपने विचारों को होशपूर्वक पकड़ना। धीरे-धीरे होश जगने लगेगा, थोड़े-थोड़े विचार पकड़ में आने लगेंगे। जैसे विचारों की धारा शुरू करने से पहले मन अनुमति मांग रहा हो कि विचार करूं या न करूं। जहां तुम सजग हुए, वहीं विचार ठहरेंगे। जहां विचार ठहरेंगे, तब ऐसा लगेगा कि मन तो कुछ है ही नहीं। एक ने पूछा कि 'मन को हटाए बिना आत्मज्योति की झलक नहीं पा सकते हैं। तो मन को बीच में से हटाएगा कौन? इस मन को मारेगा कौन? यह 'मैं' कौन है? इस शरीर में कौन-सा ऐसा तत्व है, जो मन को मार सकता है? उसका अनुभव कैसे होगा?' तुम पूछते हो, कौन मारेगा मन को? मैं कहती हूं, तुम्हारा ही होश मारेगा इस मन को। तुम्हारी ही सजगता इसको मारेगी। अब यह सवाल उठ सकता है कि मन कहां है? मन बायीं ओर है या दायीं ओर है? या फेफड़ों के बीच में है? नहीं! मन तो पूरे शरीर में और शरीर के बाहर भी व्याप्त है। लेकिन हर्ष, भय जैसी हर भावना के उठने पर तुम सीने में कुछ महसूस करते हो।

## ऐसा घर जहां, कोई मृत्यु न हुई हो



संकलित

**प्रेरणा**

भगवान बुद्ध के समय में, किसागोतमी नाम की एक महिला के एकमात्र पुत्र की मृत्यु हो गई। दुख से परेशान होकर, वह अपने मृत पुत्र को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से दवा पूछती हुई एक घर से दूसरे घर घूमने लगी। किसी ने उसे कह दिया कि भगवान बुद्ध के पास ऐसी दवा है। किसागोतमी भगवान बुद्ध के पास पहुंची, उन्हें प्रणाम किया और पूछा, क्या आप ऐसी दवा बता सकते हैं, जिससे मेरा मृत पुत्र जीवित हो उठे? मुझे ऐसी दवा के बारे में पता है,' बुद्ध ने कहा। 'परंतु उसके लिए मुझे कुछ चीजों की जरूरत पड़ेगी। महिला ने राहत की सांस लेते हुए पूछा, 'आपको क्या चाहिए? मुझे एक मुट्ठी सरसों के बीज चाहिए,' बुद्ध ने कहा। महिला ने बुद्ध को वह सामग्री लाकर देने का वादा किया किंतु ज्यों ही वह जाने लगी, बुद्ध ने कहा, 'सरसों के बीज उसी घर से लेकर आना, जहां कभी किसी संतान, पति-पत्नी, माता-पिता या सेवक की मृत्यु न हुई हो। महिला ने हामी भरी और वह सरसों के बीज की तलाश करती हुई एक घर से दूसरे घर भटकने लगी। उसने पाया कि ऐसा कोई घर नहीं था, जहां कभी किसी की मृत्यु न हुई हो। कहीं पुत्री, कहीं सेवक, कहीं पति, तो कहीं पिता की मृत्यु हो चुकी थी। किसागोतमी को वहां एक भी घर ऐसा नहीं मिला, जहां कभी मृत्यु न हुई हो। यह देखकर कि वह अकेली इस दुख से पीड़ित नहीं थी, उसने अपने मृत पुत्र के शव का मोह छोड़ दिया और बुद्ध के पास लौट आई। तब बुद्ध ने अत्यंत करुण भाव से कहा, 'तुमने सोचा कि सिर्फ तुम्हारे पुत्र की मृत्यु हुई है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से परेशानी

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी में इन दिनों आवारा कुत्तों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में रात को आने-जाने वालों को काफी परेशानी हो रही है। आवारा कुत्ते राहगीरों को दौड़ा देते हैं। ऐसे में वाहन चालकों को इनसे बचना मुश्किल होता है। यह कालोनी ग्राम पंचायत क्षेत्र में आती है। ऐसे में यहां की परेशानी को हल करने वाले ध्यान नहीं दे रहे हैं। हाउसिंग का दफ्तर भी यहां की समस्याएं सुलझाने में नाकाम साबित हो रहा है।

*- शाहीन बेगम*

## ट्रेंड

### द्रविड़ ने टीम को बदल दिया



राहुल द्रविड़ की अविश्वसनीय कोचिंग यात्रा ने भारतीय क्रिकेट की सफलता को आकार दिया है। उनके अटूट समर्पण, रणनीतिक अंतर्दृष्टि और सही प्रतिभा के पोषण ने टीम को बदल दिया है। हम उसे विश्व कप उठाते हुए देखकर खुश हैं। उन्हें बधाई देकर खुशी हुई।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### आश्चर्यजनक परिणाम



वैसे तो जिंदगी में कोई भी फैसला सही नहीं होता. यदि आप कोई निर्णय लेते हैं और उसमें अपना सब कुछ लगा देते हैं, तो यह आश्चर्यजनक रूप से परिणाम देगा। मृत्यु दर को नज़रअंदाज़ करना सबसे बड़ी अज्ञानता है।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### जीत पर हर भारतीय को गर्व



रोमांचक फाइनल में टीम इंडिया ने 17 साल बाद जीता टी20 वर्ल्डकप! नीले रंग के परिधानों में पुरुषों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई। मैच में विराट कोहली, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह चमके। इस अविश्वसनीय जीत पर हर भारतीय को गर्व है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### हर लड़ाई में नया हीरो



हर लड़ाई में एक नया हीरो, एक अलग मैन ऑफ द मैच था - टीम वर्क की जीत हुई... कोई भी सिम्फनी की सीटी नहीं बजा सकता, इसे बजाने के लिए एक ऑर्केस्ट्रा की जरूरत होती है।

**-नवजोत सिंह सिद्धू, क्रिकेट एक्सपर्ट**

## करंट अफेयर


### महासागर अध्ययन के बारे में देखा सपना, बनाया रॉकेट



पोर्ट ब्लेयर में पली-बढ़ी होने के चलते महासागर अध्ययन की असीम संभावनाओं के बारे में सपने देखने से लेकर रॉकेट बनाने के क्षेत्र में अग्रणी होने तक युवा इंजीनियर सरनिया पेरियास्वामी के लिए विभिन्न चीजें सीखने का एक रोमांचक दौर रहा। चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप 'अग्निकुल कॉसमॉस' की इंजीनियर 30 वर्षीय पेरियास्वामी ने 3-डी मुद्रित प्रक्षेपण यान 'अग्निबाण सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर' (एसओआरटीईडी) को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एसओआरटीईडी ने 30 मई को अपनी पहली उड़ान भरी थी। 'अग्निबाण-एसओआरटीईडी' का प्रक्षेपण पहले 22 मार्च को निर्धारित किया गया था, लेकिन कुछ कारणों से इसे बाद के लिए टाल दिया गया था। सरनिया पेरियास्वामी ने यहां एसआईए-इंडिया द्वारा आयोजित 'इंडिया स्पेस कांग्रेस' के इतर मीडिया से कहा, जब भी कोई प्रक्षेपण होता है, तो बहुत अधिक बाहरी दबाव होता है। हर कोई प्रक्षेपण का इंतजार कर रहा होता है और यदि आप इसे पूरा नहीं कर पाते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप कहीं विफल हो रहे हैं। पेरियास्वामी ने अपनी स्कूली शिक्षा और स्नातक की पढ़ाई अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी एवं अपने जन्म स्थान पोर्ट ब्लेयर में की।

## ऑफ बीट

### प्लास्टिक को दोबारा इस्तेमाल कर बेचने की नई पहल



जयपुर हेरिटेज नगर निगम ने एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक उत्पादों (एसयूपी) को सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचकर इसे लाभप्रद उद्यम बना दिया है। निगम ने अभियान के दौरान जब्त हजारों टन एसयूपी को दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर बेचने की नयी पहल की है। निगम ने प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन को नष्ट करने के बजाय लांगड़ियावास और मथुरादापुरा 'डंप यार्ड' में 'रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल' (आरडीएफ) मशीन लगाई हैं, ताकि प्लास्टिक को कुचलकर उसे दोबारा इस्तेमाल योग्य बनाकर सीमेंट निर्माण संयंत्रों को बेचा जा सके और इससे कुर्सियां, मेज आदि जा सकें। अधिकारियों ने बताया कि निगम ने पिछले तीन-चार महीनों में अपनी कार्रवाई के दौरान करीब 6,000 किलोग्राम एसयूपी को जब्त किया है और इसे दोबारा इस्तेमाल करने योग्य बनाने के बाद सीमेंट संयंत्रों को बेचकर राजस्व अर्जित किया है। जयपुर हेरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा, अभियान के दौरान जब्त इस प्लास्टिक का निस्तारण हमारे सामने बड़ी समस्या थी। 'डंप यार्ड' में आरडीएफ मशीनें लगाई गईं, ताकि प्लास्टिक को काटकर सीमेंट बनाने वाले संयंत्रों को इन्हें बेचा जा सके। इससे निगम को राजस्व भी मिलने लगा है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# चुनाव हारने के बाद फिल्म की ओर लौटे निरहुआ...

**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे एक्टर दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ ने चुनाव में हारने के बाद सिनेमा की ओर फिर से अपना रुख कर लिया है। उन्होंने हाल ही में एक फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की। बता दें कि निरहुआ ने आजमगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था और हार गए थे। सिनेमा में वापस आने पर निरहुआ ने कहा, एक्टिंग मेरा मुख्य काम है, हमारी पार्टी भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा।

लाइफ Style

# सामंथा

## वेब सीरीज में आदित्य संग आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रक्तबीज' में आदित्य के साथ दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु राज एंड डीके की आगामी वेब सीरीज में फिर आदित्य के साथ नजर आ सकती हैं। वह इस सीरीज में जबरदस्त एक्शन करती दिखाई देंगी। यह सामंथा और आदित्य के बीच पहला सहयोग होगा। राज एंड डीके ने निर्देशन की दुनिया में अपनी एक खास जगह बनाई है। ये निर्देशक जोड़ी इससे पहले अभिनेता मनोज बाजपेयी (द फैमिली मैन), सिद्धार्थ मल्होत्रा (ए जेंटलमैन), शाहिद कपूर (फर्जी), राजकुमार राव (गन्स एंड गुलाब्स) के साथ काम कर चुकी है। बॉलीवुड की एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि आदित्य ने एक्शन निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है। अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे। अभिनेता आदित्य रॉय कपूर को आखिरी बार मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'गुमराह' में देखा गया था। यह फिल्म बीते साल 7 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

अगर यह खबर सच हुई तो यह पहली बार होगा जब आदित्य और निर्देशक जोड़ी किसी प्रोजेक्ट में साथ काम करेंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अभिनेता इसमें एक खिलाड़ी के रूप में दिखाई देंगे।



हॉलीवुड मसाला



# मौत के समय हो चुके थे दीवालिया

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर पॉप स्टार माइकल जैक्सन किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। जब तक वे जिंदा थे अपनी लग्जरी जिंदगी और विवादित फैसलों की वजह से सुर्खियों में बने रहे। अपनी मौत के बाद भी माइकल जैक्सन का नाम अक्सर चर्चा में शामिल होता ही रहता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जब गायक की मौत की मौत हुई थी तब उनपर 500 मिलियन डॉलर का कर्ज था। माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे।



# नए टीजर में आमने-सामने आए सबर्टूथ और वूल्वरिन...

**लॉस एंजिल्स।** रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन अभिनीत 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म के टीजर और ट्रेलर ने दर्शकों के उत्साह को बरकार रखा है। इसी बीच शॉन लेवी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का एक और टीजर जारी कर दिया गया है, जिसे देखकर प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। टीजर में टायलर माने के किरदार सबर्टूथ और ह्यूज के किरदार वूल्वरिन का आमना-सामना देखने को मिल रहा है। शनिवार को 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' के नए टीजर का अनावरण किया गया, जिसमें रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल के रूप में अपनी भूमिका दोहराते नजर आ रहे हैं। टायलर माने, जिन्होंने पहली बार 2000 में मूल एक्स-मेन फिल्म में सबर्टूथ का किरदार निभाया था, खलनायक के रूप में वापस लौटे हैं।



# चुनौतीपूर्ण किरदार कर स्क्रीन पर छाईं....

**मुंबई।** रश्मि देसाई एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो सही मायनों में कड़ी मेहनत को परिभाषित और दर्शाती हैं। वह जिस भी प्रोजेक्ट का हिस्सा होती हैं, उसमें हमेशा एक शानदार कलाकार के रूप में सामने आने में सफल रहती हैं। उनके नए प्रोजेक्ट के बारे में बात करें तो फिल्म 'जेएनयू' में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। रश्मि देसाई फिल्म में अपने किरदार से हर जगह दिल जीत रही हैं। फिल्म में रश्मि देसाई का किरदार एक लेखिका और जेएनयू की प्रोफेसर निवेदिता मेनन के जीवन पर आधारित है। रश्मि ने मिल रहे प्यार और सराहना पर कहा वास्तविक जीवन के किरदार निभाना हमेशा एक चुनौती होती है क्योंकि दर्शकों के पास हमेशा एक स्मरण बिंदु होता है लेकिन मैं चुनौती के लिए तैयार थी। निर्देशक हमेशा मेरे लिए जहाज का कप्तान होता है।

# 'सरफिरा' के पोस्टर ने मचाया तहलका


**मुंबई।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म सरफिरा के पोस्टर रिलीज के बाद फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और प्रशंसकों को बेहद उत्साहित कर दिया। वहीं उनके सह-कलाकार परेश रावल ने भी स्टार की प्रशंसा की और एक्स पर लिखा, अक्षय कुमार की बेहतरीन फिल्म। वहीं अक्षय कुमार ने जवाब में कहा, बहुत-बहुत धन्यवाद परेश भाई। आपकी मौजूदगी ने इस फिल्म में बहुत कुछ जोड़ा। 12 साल बाद आपके साथ दोबारा स्क्रीन पर जुड़कर खुशी हुई। अक्षय कुमार और परेश




रावल ने पिछले कुछ वर्षों में कुछ आइकोनिक फिल्मों में एक साथ काम किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, परेश रावल, राधिका मदन और सीमा बिस्वास नज़र आएंगे। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधा कोंगारा द्वारा निर्देशित, सरफिरा स्टार्ट-अप और विमानन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक मनोरंजक ड्रामा फिल्म है जो निश्चितरूप से सब का दिल जीतेगी।

# आयरनमैन रेस के लिए जमकर बहा रहीं पसीना

**मुंबई।** मुंबई की मानसून के बीच भी फिटनेस फ्रीक बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर आयरनमैन रेस के लिए ट्रेनिंग में जमकर पसीना बहा रही हैं। वह 15 सितंबर को जर्मनी में होने वाली आयरनमैन ट्रायथलॉन में हिस्सा लेंगी। बता दें कि सैयामी एक्टिंग के अलावा रेसिंग के लिए भी जानी जाती हैं। वह दुनिया भर के कई रेसिंग कंपटीशन में हिस्सा ले चुकी हैं। सैयामी ने कहा, मेरी हमेशा से ही स्पोर्ट्स में दिलचस्पी रही है। मैंने दो फुल मैराथन और 20 से ज्यादा हाफ मैराथन में हिस्सा लिया है। इसलिए मेरा अगला लक्ष्य आयरनमैन है। स्पोर्ट्स मुझे दिमागी तौर पर मजबूत बनाता है। यह दिमाग को शांत करने का मेरा तरीका है।



### दौड़ना बंद नहीं कर सकती, रेस तीन माह बाद

उन्होंने कहा, मैं मुंबई में रहती हूं, और यह मानसून का मौसम है। मैं मौसम के चलते दौड़ना बंद नहीं कर सकती, क्योंकि रेस मात्र तीन महीने दूर है। मौसम मेरी मेहनत में रुकावट नहीं बनेगा। मुझे वास्तव में बारिश में दौड़ना और तैरना पसंद है। मुझे बारिश के मौसम में खाली सड़कें भी पसंद है! सैयामी की ट्रेनिंग में इनडोर और आउटडोर एक्सरसाइज शामिल हैं। वह अपने रनिंग सेशन के लिए बारिश के बावजूद बाहर निकलती हैं जबकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और साइकिलिंग के लिए इनडोर फैसिलिटी का इस्तेमाल करती हैं।

टीवी मसाला

# छोटे पर्दे से कपिल की छुट्टी करेंगे जाकिर...

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के 'द कपिल शर्मा शो' के दर्शक दीवाने हैं। सभी अपने परिवार के साथ बैठकर इस शो का लुत्फ उठाते थे। हालांकि, अब दर्शकों को टीवी पर कपिल के लौटने का इंतजार है, क्योंकि उन्हें टीवी शो बंद कर नेटफ्लिक्स से दर्शकों को हंसाना शुरू किया है। इस बीच प्रसिद्ध स्टैंअप कॉमेडियन जाकिर खान ने अपने टीवी शो की घोषणा की है। कयास लगा रहे हैं कि वह टीवी पर कपिल की जगह लेने वाले हैं।



***'आपका अपना जाकिर' का किया ऐलान :*** जाकिर ने अपने नए कॉमेडी शो का ऐलान किया है, जिसका नाम 'आपका अपना जाकिर' है। वह इस शो के जरिए टीवी की दुनिया में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह शो सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। निर्माताओं ने कॉमेडियन के साथ मिलकर इसका टीजर भी साझा किया है। वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आप देखेंगे। हम देखेंगे। सब देखेंगे 'आपका अपना जाकिर', सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर। बहुत ही जल्द।

***जाकिर खान लेंगे कपिल की जगह :*** 'द कपिल शर्मा शो' का आखिरी एपिसोड पिछले साल जुलाई में प्रसारित हुआ था। प्रशंसक वीकेंड के दिनों में शो का बेसब्री से इंतजार करते थे, लेकिन कपिल ने टीवी पर वापसी नहीं की। ऐसे में 2023 से एक कॉमेडी शो के लिए सोनी पर स्लॉट खाली था। जाकिर के नए शो की शुरुआत के साथ, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि टीवी चैनल 'द कपिल शर्मा शो' की जगह 'आपका अपना जाकिर' लेकर आया है।

# नवाजुद्दीन बोले- मेरी शक्ल-सूरत ऐसी थी गरीब नहीं था; बताया क्यों की चौकीदारी...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मन की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी यह बेबाकी उनके प्रशंसकों को खूब भाती है। अक्सर नवाज के बारे में यह कहा जाता है कि वह गरीब हैं और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। अब उन्होंने खुद यह साफ कर दिया है। एक हालिया इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया कि लोग उनकी शक्ल देखकर चक्कर में पड़ जाते थे। उन्हें लगता था कि ये गरीब ही होगा।



***संपन्न परिवार का हिस्सा रहे अभिनेता :*** आपको बता दें कि नवाज बचपन से ही संपन्न परिवार का हिस्सा रहे हैं। वह अपने 8 भाइयों और बहनों में सबसे बड़े हैं। उन्होंने हरिद्वार के गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से केमिस्ट्री में ग्रेजुएशन की ड्रिग्री हासिल की है। डिग्री करने के बाद वह नौकरी की तलाश में निकले और वड़ोदरा में एक केमिस्ट के रूप में जॉब की। इसके बाद वह दिल्ली पहुंचे और पहली बार थिएटर देखते ही एक्टिंग की ओर झुक गए।

***फिल्मों में काम पाने चौकीदारी तक की :*** फिल्मों में काम खोजने के लिए नवाज ने काफी संघर्ष किया। इस दौरान उन्होंने घर से मदद लेने की जगह आत्मसम्मान को चुना और इसलिए एक समय में चौकीदार की नौकरी भी की। उन्होंने आमिर खान की सुपरहिट फिल्म 'सरफरोश' में एक छोटे से रोल से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद उन्हें 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से असली पहचान मिली। नवाज कभी फिल्मों में छोटा सा किरदार पाने के लिए तरसते थे और आज वह करोड़ों रुपये के मालिक हैं।

***'रौतू का राज' में नजर आ रहे नवाज :*** इन दिनों नवाज क्राइम थ्रिलर फिल्म 'रौतू का राज' में नजर आ रहे हैं, जिसकी कहानी तो कुछ खास नहीं, लेकिन नवाजुद्दीन ने अपनी शानदार अदाकारी से इसे जरूर दिलचस्प बना दिया है। फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर दीपक नेगी किा किरदार निभाया है।



## जैकेट के शेष

### ऑपरेशन के बाद ....

में उन्होंने अपना काम शुरू किया और बीस साल के कार्यकाल में वहीं के चिकित्सा अधीक्षक बनकर सैकड़ों मरीजों को इस गंभीर बीमारी से निजात दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डा. मंतोष एलक्ना ने बताया कि कुष्ठ ऐसी समस्या है, जिससे पीड़ित मरीज शारीरिक के साथ मानसिक, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से ग्रसित हो जाता है। उनका प्रयास यही है कि ऐसे मरीजों को उपचार मिले और उन्हें किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। जो मरीज ऑपरेशन के बाद नाच रहा था, उसकी खुशी की वजह इस बीमारी की वजह से छोड़कर गई पत्नी का घर वापस आना था। उसकी इस खुशी के बाद उन्होंने समाज से दूर करने वाली इस बीमारी को खत्म करने के अभियान में अपनी योगदान देने का प्रण लेकर काम शुरू किया और फिर किसी दूसरे अस्पताल में जाने की इच्छा ही त्याग दी। डॉ. मंतोष ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हर साल एक हजार नए कुष्ठ मरीजों का पता चलता है, जिनमें लगभग चार सौ का इलाज उन्हीं के अस्पताल में होता है। चिकित्सकीय सुविधा के साथ उन्हें मानसिक रूप से भी इस बीमारी से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि लेप्रोसी अस्पताल में आने वाले मरीजों की सर्जरी निशुल्क की जाती है।

**पैसे देने भी पड़ते हैं** : कई बार ऐसे मरीज उन तक पहुंचते हैं, जिनके पास वाहन का किराया तक देने के पैसे नहीं होते, ऐसे मरीजों की आर्थिक मदद भी करनी पड़ती है। लेप्रोसी अस्पताल के डॉ. मंतोष प्रमुख स्तंभ के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने करीब डेढ़ सौ साल पुरानी इस संस्था में बीस साल सेवा के दौरान चार से पांच हजार मरीजों की सर्जरी करने के साथ ही उपचार के दौरान उनकी देखभाल के लिए चिकित्सकीय स्टाफ की भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि इस काम के लिए उन्हें परिवार के साथ कई अन्य के विरोध का सामना भी करना पड़ा, मगर इलाज के बाद मरीजों के चेहरे में नजर आने वाली खुशी उन्हें इस चुनौती भरे काम को पूरा करने के लिए प्रेरित करती है।

**हमें यहां बीमारी के साथ अंधविश्वास का भी इलाज करना पड़ता है** : बीजापुर। बस्तर के बीजापुर जिला अस्पताल में शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. मंगेश जी. म्हस्के उपचार से ज्यादा अंधविश्वास की चुनौतियों के बीच कुपोषित और बीमार बच्चों के इलाज के लिए काम कर रहे हैं। अस्पताल में इलाज के बाद नदी-नाले और जंगलों से घिरे गांव में जाकर बच्चों को होने वाली किसी भी बीमारी के लिए जड़ी-बूटी अथवा झाड़-फूंक के बजाय चिकित्सकों के पास जाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि वहां के लोग देर हो जाने के बाद इलाज के लिए पहुंचते हैं। ग्रामीणों को इस अंधविश्वास से बाहर निकालना उनका मुख्य ध्येय है, इसलिए पिछले दो साल से डॉक्टरी के बाद वे गांवों में जाकर लोगों का इलाज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों को कुपोषण से बचाने वे गांव में जांच के बाद अस्पताल तक लाने का काम भी कर रहे हैं और उनकी कोशिश रंग ला रही है, धीरे-धीरे असर दिखा रही है। अपने पेशे के साथ-साथ समाज सेवा का सुख है। वही सुख उन्हें जंगलों से घिरे गांवों में बसे रहने के लिए प्रेरित करता है। इस सेवा के आगे सब फीका है।

**जंगल में 5000 से ज्यादा डिलीवरी कराने वाले डा. केशव** : नारायणपुर जिले में पिछले साढ़े छह साल से काम करने वाले डॉक्टर केशव साहू प्रसव कराने वाले एकमात्र चिकित्सक हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए शासन की ओर से आपात प्रसव सेवा में डिप्लोमा कराया गया। अपनी पत्नी सहित पांच हजार से ज्यादा महिलाओं की डिलीवरी कराने वाले डॉ. केशव ने बताया कि जब नक्सल प्रभावित इलाकों में जाने से डाक्टर घबराते थे, तब उन्होंने कोंडगांव के मरदापाल में पहली पोस्टिंग ली। इसके बाद उनका तबादला नारायणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया और अभी बेनूर स्वास्थ्य केंद्र में काम कर रहे हैं। गांव में जांच के लिए शिविर लगाने उन्हें विभिन्न तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, मगर दादा और पिता के सेवाभाव से प्रेरित होकर वे लोगों का उपचार कर रहे हैं। डा. केशव कहते हैं कि असुरक्षित प्रसव से महिलाओं की जान खतरे में होती है, सुरक्षित प्रसव कराकर महिलाओं की जान बचा रहे हैं, इससे संतोष मिलता है।

**मानसिक रोगियों का कर रहे निशुल्क इलाज** : जगदलपुर। कई ऐसे लोग हैं, जिनकी कहानियां हमेशा लोगों को सेवा करने के लिए प्रेरित करती हैं। ऐसी ही एक कहानी बस्तर संभाग अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा के स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉ. देश दीपक की है। सामान्य चिकित्सक और मानसिक स्वास्थ्य बीमारी में प्रशिक्षित, डीएच दंतेवाड़ा में वे स्पर्श क्लीनिक चलाते हैं। मानसिक बीमारी से पीड़ति 2000 से अधिक रोगियों का इलाज कर चुके हैं। नक्सल प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के अनुसार, गरीब लोगों के लिए ये किसी फरिश्ते से कम नहीं हैं। डॉ. दीपक वर्ष 2014 से क्षेत्र में पदस्थ हैं। उन्होंने गरीब मरीजों को जरूरत पड़ने पर अपने वेतन से पैसे देकर इलाज कराया है। वे लोगों का फ्री में चेकअप और ऑपरेशन भी कर देते हैं। स्वास्थ्यकर्मी दुर्गम रास्तों को पार कर उस गांव में जा रहे हैं, जहां कई साल से गांव के लोगों का इलाज नहीं हुआ है। कुआकोंडा विकासखंड के डॉक्टर के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग का अमला बीहड़, दूरस्थ पहाड़ी पर बसे गांव पहुंच रहा है। अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम झमाझम बारिश के बीच उफनते नदी-नालों को पार कर पहुंच रहे हैं। डॉ. दीपक ने बताया कि दूरदराज के ऐसे गांवों के ग्रामीण इलाज के लिए तरसते हैं। दुर्गम रास्तों की वजह से स्वास्थ्य केंद्रों तक लोग नहीं पहुंच पाते। इन गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई और मच्छरदानी का वितरण किया।

### तीन बार ट्रांसफर हुआ... ....

पर स्थानीय लोगों के प्यार की वजह से उन्हें दोबारा मूल जगह अंतागढ़ में ही पोस्टिंग दी गई। 2006 में उन्हें कांकेर का बीएमओ बना दिया गया। 2010 में भानुप्रतापपुर उनका स्थानांतरण हुआ था। उसके बाद जब अंतागढ़ वापस आए तो वहीं के होकर रह गए। 2002 में एमबीबीएस और इंटर्नशिप करने के बाद उनकी पहली पोस्टिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ में हुई। उस समय अंतागढ़ को गहन नक्सली क्षेत्र माना जाता था। शुरुआत में वे अकेले वहां पर कई साल तक कार्य करते रहे। उस दौरान सेक्टर-9 से सिजेरियन डिलीवरी में आपातकालीन प्रसूति रोग का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। वर्तमान में वे अंतागढ़ में खंड चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। डॉ. रामटेके ने बताया कि 2005 में अंतागढ़ के दूरस्थ क्षेत्र में उन्हें उल्टी-दस्त की सूचना मिली। नदी पार कर जैसे-तैसे उस गांव में पहुंचे। बरसात के दिन थे। जब वहां पहुंचे तो वहां उल्टी-दस्त की भयावह स्थिति थी। जैसे पहले हैजा का प्रकोप होता था, वैसे ही कई लोगों की जान चली गई थी। वहां मौका-मुआयना करने गया और वहां इलाज करते-करते ऐसा फंसा कि 15 दिनों तक एक ही शर्ट-पैंट में रहकर इलाज करता रहा। घर-घर पहुंचकर दवाएं दीं, लोगों को जागरुक किया। ऐसा होता रहता है। इसके बदले क्या मिलता है? वे कहते हैं, मेरा कर्तव्य है। दूसरा इतना प्यार मिलता है कि जब यहां से ट्रांसफर हो गया तो लोगों वापस यहीं ले आए। अब वे जाने ही नहीं देते। इससे कीमती क्या होगा?

### 16 साल से नक्सलगढ़ ....

से कम नहीं है। वहीं कई गांवों में भवन नहीं होने से पेड़ के नीचे बीमार ग्रामीणों को लिटाकर उन्हें ड्रिप चढ़ाई जाती है। विषम परिस्थिति में लोगों की जान बचाना चिकित्सक का धर्म समझकर इन इलाकों में स्वास्थ्य दूत बनकर कार्य कर रहे हैं।

### 62 गांवों के ....

का रात्रि 10 बजे भी सुरक्षित प्रसव करा रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को मलेरिया मुक्त कार्यक्रम में जांच कर पॉजिटिव मरीजों का पूर्ण उपचार कराया, जिसके चलते घरों में मच्छरदानी का उपयोग करने की समझाइश दी। वे 24 घंटे सेवा प्रदान कर कुपोषण एवं महामारी में विशेष योगदान कर रहे हैं।

### 13 वर्षों से ....

एक हैं न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. योगेश्वर काल्कोंडे। डॉक्टर्स डे पर हरिभूमि ने डॉ. काल्कोंडे से बात की। मूलतः महाराष्ट्र के रहने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. काल्कोंडे विगत तीन वर्षों से सरगुजा अंचल में अपनी सेवाएं दे रहे है। देश में न्यूरोलॉजिस्ट की डिमांड काफी है। बड़े से बड़े अस्पतालों में न्यूरोलॉजिस्ट को मोटी सैलरी पर रखा जाता है। यहां तक की मेडिकल कॉलेज के पास भी न्यूरोलॉजिस्ट नहीं है। छत्तीसगढ़ में जो न्यूरोलॉजिस्ट काम कर रहे हैं उनकी अपेक्षित सैलरी दे पाना संभव नहीं है। इन सब से अलग डॉ. काल्कोंडे न्यूरोलॉजिस्ट होते हुए भी सरगुजा अंचल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।वे आदिवासी अंचल में विगत 13 वर्षों से काम कर रहे हैं। उन्होंने 10 वर्षों तक महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में आदिवासियों व ग्रामीणों के बीच काम किया है। खास बात यह भी है कि उन्हें पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव कोरोना काल में सरगुजा लाए थे। इस दौरान डॉ. काल्कोंडे व उनकी टीम ने मेडिकल कॉलेज में कोविड मरीजों की सेवाएं दी। कोरोना काल खत्म होने के बाद भी उन्होंने सरगुजा नहीं छोड़ा और यहां की जरूरतों को समझते हुए आज भी आदिवासी अंचलों में काम कर रहे हैं।

**तीन वर्षों में 80 हजार लोगों तक पहुंचे** : न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. योगेश्वर काल्कोंडे के नेतृत्व में उनकी टीम लखनपुर के अमगसी, उदयपुर से लगे ग्राम अरगोती व मैनपाट के ग्राम कुनिया में विशेष रूप से काम कर रही है: उन्होंने आसपास के लगभग 40 गांव में आदिवासियों के बीच काम किया है। यह टीम तीन वर्षों में 80 हजार लोगों तक पहुंची है और उनकी कठिनाइयों और परेशानियों को ध्यान में रखकर निःशुल्क व मात्र 5 रुपए के पंजीयन शुल्क पर इलाज मुहैया करा रही है। टीम में और भी विशेषज्ञ चिकित्सक हैं जो अलग अलग बीमारियों के विशेषज्ञ हैं और अलग अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इनमें सरगुजा जिले में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. योगेश जैन हैं जो विगत 25 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। मेडिसिन स्पेशलिस्ट डॉ. चैतन्य मलिक, एमडी फैमिली फिजिशियन डॉ. नेहा काले, पेन स्पेशलिस्ट डॉ. शिल्पा खन्ना, एमडी फैमिली फिजिशियन डॉ. धीरज देशमुख, डॉ. अभिजीत गादेवार, डॉ. अश्विनी महाजन शामिल है।

**सर्वाधिक गैर संचारी रोगों के मरीज** : डॉ. योगेश्वर काल्कोंडे का कहना है कि आम तौर पर ऐसी धारणा थी कि पेड़ पौधे, साफ हवाओं के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बीमारियां कम होती हैं लेकिन वर्तमान समय में यह बातें बिल्कुल गलत साबित हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गैर संचारी रोगों के मरीज सामने आ रहे हैं। अब तक आदिवासी क्षेत्रों में किए गए काम के दौरान सर्वाधिक बीपी, शुगर, लकवा, हृदय रोग, कुपोषण, सिकल सेल, मिर्गी, टीबी, वात सहित सहित अन्य गंभीर बीमारियों के मरीज सामने आए हैं। इन मरीजों का उपचार हमारी टीम द्वारा किया जा रहा है और जरुरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर, रायपुर व अन्य उच्च संस्थानों में भी भेजा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने के साथ ही क्षेत्र के चिकित्सकों को ट्रेनिंग देने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए सरकार को सुझाव भी दिए जाते हैं।

**गांवों में हमारी ज्यादा जरुरत** : ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और जागरूकता की कमी एक सबसे बड़ी समस्या है। पैसों व संसाधनों की कमी कारण दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को उपचार सुविधाएं नहीं मिल पाती है। बड़े शहरों में तो सभी काम कर रहे हैं और लोगों को आसानी से उपचार सुविधाएं मिल जाती हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्र हमारी जरुरत ज्यादा है। इसलिए मैंने तय तय किया कि ग्रामीण क्षेत्र में हम काम करेंगे। हमारा मिशन है कि पैसों की कमी और जागरूकता के अभाव में लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित ना रह जाए। अभी भी इस क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर काम करने की जरूरत है।

**- डॉ. योगेश्वर काल्कोंडे**

### बस पोल से ....

निजी हास्पिटल व सिम्स में भर्ती कराया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, जयेश ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 एआर, 9404 सारंगढ़ जा रही थी, बस में 50 यात्री सवार थे। दोपहर 1 बजे लालखदान ओवरब्रिज पर चढ़ते समय सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के फेर में चालक ने बस को किनारे किया तो बस अनियंत्रित होकर राइट साइड के इलेक्ट्रिक पोल से टकराकर पलट गई। बस के पलटते ही यात्री चीखने लगे, मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

**चल रहा घायलों का इलाज** : सिम्स में घायल यात्री जागेश्वरी यादव 55 साल सीपत, फागुराम यादव 34 साल देवरीखुर्द, मुन्नी बाई कश्यप 50 साल, बृहस्पति कश्यप 25 साल, गुड्डी कश्यप 50 साल मुलमुला, चंदा निषाद 23 साल पामगढ़ को भर्ती कराया गया है। 11 लोगों का तोरवा क्षेत्र के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य 24 यात्रियों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

**-उमेश कश्यप**, एडीशनल एसपी

### मैं निर्दोष हूं बताने ...

कोर्ट के न्यायदृष्टांत को पेश किया गया। इसमें सुको ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में अदालतों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है। कोर्ट ने कहा है कि प्रावधान के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समाज के अलावा व्यक्ति पर सामाजिक कलंक लगाता है। प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत जिला उद्योग केंद्र ने दामखेड़ा सिमगा जिला दुर्ग निवासी तेजेंदर देव चावरे का ऋण मंजूर किया था। जनवरी- फरवरी में तेजेंदर देव ने देना बैंक दामखेड़ा के शाखा प्रबंधक विनोदनंद झा से मुलाकात की। कथित रूप से शाखा प्रबंधक ने उससे स्वीकृत राशि 95 हजार रुपए देने 7 हजार रुपए रिश्वत की मांग की।

### खाता खोलने, मार्जिन मनी ....

की बात कही थी। शिकायतकर्ता ने उक्त राशि मांगे जाने की शिकायत की थी। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान देना बैंक मुख्यायल से प्रोसेसिंग शुल्क 6900 रुपए नियमानुसार जमा करने पर स्वीकृत राशि जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से दिए जाने की पुष्टि की। शिकायकर्ता ने उक्त राशि को खाता खोलने फोटो जरूरी होने पर रुपए प्रबंधक को रखवा दिया था और फोटो लाने की बात कहकर निकला था। उसे जिला उद्योग केंद्र के नाम पत्र भी दिया गया था।

### सीबीआई की ओर ...

सुनवाई के लिए काज लिस्ट में शामिल किया गया। 26 वर्ष पुराने इस मामले में सीबीआई की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। अपील पर जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई में गवाह व शिकायतकर्ता के विश्वसनीय नहीं होने पर सीबीआई अदालत के आदेश को खारिज कर शाखा प्रबंधक को दोषमुक्त किया है।

### रोहित-विराट-जडेजा सहित 8 ...

थी। इसी पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। वहीं रोहित शर्मा ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ दमदार पारी खेली थी। रोहित और विराट ही उन खिलाड़ियों में नहीं है जिन्होंने इस वर्ल्ड कप के बाद संन्यास लिया है। ये फेहरिस्त लंबी है। इसमें कौन-कौन है, हम बताते हैं आपको।

### डेविड वॉर्नर....

कप और साल 2021 में टी20 वर्ल्ड कप जीते। उनके नाम तीन वर्ल्ड कप हैं।

**डेविड विजे** : पहले साउथ अफ्रीका और फिर नामीबिया के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले ऑलराउंडर डेविड विजे ने भी टी20 वर्ल्ड कप में नामीबिया का सफर खत्म होने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

**सायब्रांड एंजेलब्रेच्ट** : साउथ अफ्रीका में पैदा हुए और नीदरलैंड्स के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सायब्रांड एंजेलब्रेच्ट ने भी अपनी टीम के टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर होने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। वह साउथ अफ्रीका के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेले थे। **ट्रेंट बोल्ट** : न्यूजीलैंड की टीम इस वर्ल्ड कप के पहले ही दौर से बाहर हो गई।

इसके बाद टीम के बेहतरीन तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने भी बड़ा फैसला लिया। उन्होंने कहा कि ये उनका आखिरी टी20 वर्ल्ड कप है।

**ब्रायन मसाबा** : युगांडा की टीम इस वर्ल्ड कप में खेल रही थी। इस टीम की कप्तानी कर रहे थे ब्रायन मसाबा। उनकी टीम पहले ही दौर से बाहर हो गई। इसके बाद मसाबा ने क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

## पेज एक के शेष

### छग समेत देश में आधी...

कानून लागू होने के बाद इसे पूरी तरह से समझने निचले स्तर के पुलिसकर्मियों को और छह महीने का समय लग सकता है। शुरुआत में निचले स्तर के पुलिसकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**बीएनएस में 511 की जगह 358 धाराएं** : आईपीसी को अब भारतीय न्याय संहिता के नाम से जाना जाएगा। आईपीसी में पूर्व में जहां 511 धाराएं थीं, वहीं बीएनएस में 358 धाराएं हैं। इसमें 21 नए अपराध सम्मलित किए गए हैं। इसी तरह से सीआरपीसी को अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के नाम से जाना जाएगा। सीआरपीसी में जहां पूर्व में 484 धाराएं थीं, वहीं नए बीएनएसएस में 531 धाराएं हैं। इनमें सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और नौ नई धाराएं जोड़ी गई हैं, सीआरपीसी की 14 धाराएं समाप्त की गई हैं। गिरफ्तारी, जांच तथा मुकदमा की प्रक्रिया सीआरपीसी में होती थी। इसी तरह से एविडेंस एक्ट में बदलाव करते हुए 166 की जगह 170 धाराएं शामिल की गई हैं।

**पहली बार कम्यूनिटी सजा का प्रावधान** : पूर्व में छोटे अपराध के लिए जुर्माने के साथ प्रतिबंधात्मक सजा दिए जाने का प्रावधान है। नए कानून के तहत छोटे अपराध के लिए पहली बार कम्यूनिटी सजा का प्रावधान किया गया है। कोर्ट छोटे अपराध के आरोपी को वृद्धाश्रम सहित किसी सोसाइटी में सामाजिक कार्य करने की सजा दे सकती है।

**नए कानून का आम आदमी पर इस तरह से प्रभाव** : - ई-मेल या फोन के माध्यम से ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान, तीन दिन के भीतर पीड़ित को रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने होंगे। एफआईआर दर्ज कराने जरूरी साक्ष्य के साथ जानकारी देनी होगी।

**0** पहली बार संगठित अपराध के लिए धारा 111 जोड़ी गई **0** भारतीय न्याय संहिता में पहली बार चेन स्नेचिंग के लिए अलग धारा 304 के तहत झपटमारी का अपराध दर्ज किया जाएगा। इस धारा में 7 से 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। **0** देश के किसी भी शहर से एफआईआर दर्ज कराने की सुविधा **0** भगोड़े अपराधी को लेकर सुनवाई, 90 दिन के भीतर भगोड़ा अपराधी के कोर्ट में उपस्थित नहीं होने पर भी सुनवाई, पूर्व में भगोड़े अपराधी के पकड़े जाने पर सुनवाई होती थी।

### मां के अंतिम संस्कार...

के साथ रहती थी, जबकि हिंदू धर्म को मानने वाला बड़ा बेटा दुलगो कश्यप खेतीबाड़ी के चलते कोण्डागांव के करीब गांव में अपने परिवार के साथ रहता है। छोटा बेटा रामलाल मां का अंतिम संस्कार ईसाई धर्म के अनुरूप करना चाहता है, लेकिन ग्राम प्रमुखों ने गांव में ईसाई कब्रिस्तान के नहीं होने व ग्रामसभा का हवाला देते हुए गांव में शव को दफनाने देने से इंकार कर दिया, जबकि बड़ा बेटा मूलधर्म के अनुरूप अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार है। छोटा बेटा अपनी मां का अंतिम संस्कार गांव में ही ईसाई धर्म के अनुरूप करना चाहता है। विवाद के चलते तीसरे दिन भी मृतिका का अंतिम संस्कार नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि छोटा बेटा गांव में ही अंतिम संस्कार करने के लिए न्यायालय की शरण में गया हुआ है, अब उसके आने के बाद ही अंतिम संस्कार हो सकेगा। इधर विवाद की खबर के बाद गांव में तीसरे दिन भी पुलिस व प्रशासन की टीम डटी हुई है। गांव में विवाद की स्थिति को देखते हुए कई थानों की पुलिस के अलावा एसडीएम, एसडीओपी व तहसीलदार भी मौके पर मौजूद है। दोनों पक्षों को समझाइश के बाद भी सहमति नहीं बनने व शव के खराब होने की आशंका को देखते महिला का शव रविवार को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज के मरच्यूरी में भिजवाया गया।

### ड्राइविंग लाइसेंस ...

लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे। ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए।

**नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताएं**

## सीबीआई ने गोधरा से निजी स्कूल के मालिक को गिरफ्तार किया

गोधरा। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रविवार को गुजरात के गोधरा में एक निजी स्कूल के मालिक को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) परीक्षा में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। लोक अभियोजक राकेश ठाकोर ने बताया कि पंचमहल जिले में गोधरा के निकट स्थित जय जलाराम स्कूल के मालिक दीक्षित पटेल को तड़के उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सीबीआई पटेल को अब रिमांड पर लेने के लिए अहमदाबाद ले जा रही है। ठाकोर ने कहा, "क्योंकि मामला गुजरात सरकार द्वारा सीबीआई को सौंप दिया गया है।




## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5558



**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5557 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5569

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5568 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

*राहुल गांधी जब सिर्फ सांसद थे तो उन्हें हर महीने 1 लाख रुपये सैलरी मिलती थी। इसके साथ 45 हजार का भत्ता भी दिया जाता था, लेकिन अब उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर करीब साढ़े तीन लाख सैलरी मिलेगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सैलरी मिलेगी, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री समृति इरानी को सिर्फ पेंशन दी जाएगी। पिछले चुनाव और इस बार की कहानी एकदम पलट गई है।*

**वक्त का अफसाना... राहुल, ईरानी के लिए पलट गई इस बार कहानी**

# जो मंत्री थे उनको पेंशन... जिनकी गई सांसदी उनको मिनिस्टर की सैलरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

2019 में स्मृति ईरानी अमेठी से जीतीं और कैबिनेट में भी जगह मिली। वहीं, राहुल गांधी अमेठी हार गए और वायनाड से सांसद बने, लेकिन मोदी सरनेम मामले में उनकी सांसदी भी चली गई थी। हालांकि, कोर्ट के फैसले के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता बहाल हो गई। अब राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं और उन्हें कैबिनेट मिनिस्टर के बराबर सैलरी मिलेगी, जबकि अमेठी हारने के बाद स्मृति ईरानी पूर्व सांसद के तौर पर पेंशन पाएंगी। सैलरी एंड अलाउंसेज ऑफ एलओपी पार्लियामेंट एक्ट 1977 के अनुसार नेता प्रतिपक्ष को केंद्रीय मंत्री के बराबर सैलरी के साथ उनके जैसी सुविधायें भी मिलती हैं। यहां केंद्रीय राज्य मंत्री और स्वतंत्र प्रभार की बात नहीं हो रही है। राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष के लिए हर महीने 3 लाख 30 हजार रुपये सैलरी के साथ वो सभी सुविधाएं मिलेंगी, जो केंद्रीय मंत्रियों को मिलती हैं।

**नेता प्रतिपक्ष राहुल को मिलेंगे करीब साढ़े 3 लाख और 14 लोगों का स्टॉफ**

**मंत्री रहीं ईरानी को मिलेंगे पेंशन के तौर पर अब केवल २५ हजार**




**यह मिलेगा राहुल को**

राहुल गांधी को एक आलीशान बंगला मिलेगा, जिसके लिए उन्हें कोई किराया नहीं देना होगा। पद की अवधि समाप्त होने बाद एक महीने तक बगैर किराए के बंगले में रह सकते हैं। लीडर ऑफ ओपोजिशन के रूप में राहुल गांधी को सरकारी गाड़ी, ड्राइवर, फ्री मेडिकल सुविधाएं, मुफ्त टेलीफोन, मुफ्त यात्रा और 14 लोगों का पर्सनल स्टाफ भी मिलेगा। 14 लोगों के स्टाफ में एक निजी सचिव, दो अतिरिक्त निजी सचिव, दो सहायक निजी सचिव, एक हिंदी स्टेनो, एक क्लर्क, एक सफाई कर्मचारी और फोर्थ क्लास के चार कर्मचारी मिलेंगे। राहुल गांधी प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई, सीवीसी और सीआईसी जैसी संवैधानिक एजेंसियों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए बनाई गई कमेटी का हिस्सा होंगे। इस कमेटी में प्रधानमंत्री भी शामिल होते हैं।

**स्मृति को नहीं मिला है कोई पद**

पूर्व केंद्रीय मंत्री समृति ईरानी की बात करें तो लोकसभा चुनाव 2024 में अमेठी सीट से हारने के बाद उन्हें कैबिनेट में कोई पद नहीं मिला है और अब पूर्व सांसद के तौर पर उन्हें पेंशन मिलेगी। सांसदों की सैलरी और भत्ते से जुड़े 1977 नियम के तहत समृति ईरानी को हर महीने 25 हजार रुपये पेंशन दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री के पास केवल मणिपुर के लिए समय नहीं : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करने के लिए ''अभी तक समय नहीं निकालने'' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मणिपुर की पीड़ा और व्यथा जारी है। 'नॉन बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री के पास संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने या वहां के निर्वाचित प्रतिनिधियों से आमने-सामने बात करने के अलावा हर चीज के लिए समय है।'' पिछले साल मई में मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में हिंसा भड़की थी।

### नागपुर में नकली दवाइयों के गिरोह का भंडाफोड़



**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले की पुलिस ने नकली दवाइयों के गिरोह का भंडाफोड़ किए जाने की घटना के सिलसिले में उत्तर प्रदेश से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नागपुर पुलिस ने मार्च 2023 में इस गिरोह का भंडाफोड़ किया था। उन्होंने बताया कि नागपुर जिले के कलमेश्वर पुलिस थाने की एक टीम ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से रमन विजयकुमार तनेजा को हिरासत में लिया।

### नाइजीरिया में धमाके मारे गए 18 लोग

**मैदुगुरी।** उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के ग्वोजा शहर में शनिवार को संदिग्ध आत्मघाती महिला हमलावरों द्वारा किए गए बम धमाकों में कम से कम 18 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्नो की राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के महानिदेशक बार्किंडो सैडु ने संवाददाताओं से कहा कि पहली आत्मघाती हमलावर ने अपराह्न करीब तीन बजे एक विवाह समारोह के दौरान एक धमाका किया। सैडु ने कहा, ''कुछ मिनट बाद सामान्य अस्पताल के पास एक और विस्फोट हुआ तथा फिर शोक जताने वाली महिला के रूप में आई हमलावर द्वारा अंतिम संस्कार सेवा केंद्र में तीसरा हमला किया गया।''

**सामने आया मणिपुर हिंसा का खालिस्तान कनेक्शन!**

# कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा फैलाने की विदेश से दी जा रही ट्रेनिंग

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति स्थापित करने को लेकर राज्य में आये दिन रैलियां आयोजित की जाती है। इस बीच मणिपुर हिंसा का इंटरनेशनल कनेक्शन सामने आया है। इंफाल के एक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की गई, जिसमें ब्रिटेन के एक यूनिवर्सिटी में पढ़ाने वाले भारतीय मूल के प्रोफेसर पर ऑनलाइन मैसेज और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में लोगों को कथित तौर पर उकसाने का आरोप लगाया गया है। एक टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरोपी कनाडा में खालिस्तानी तत्वों से जुड़ा हो सकता है। एक स्थानीय निवासी की ओर से दायर एफआईआर में कहा गया, ''आरोपी व्यक्ति ने जानबूझकर गलत इरादे से मैतेई की धार्मिक मान्यताओं का अपमान किया और धार्मिक आधर पर मैतेई और अन्य समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा दिया।

**खास बातें**

- ब्रिटेन का प्रोफेसर उकसा रहा लोगों को, शिकायत दर्ज
- कनाडा में खालिस्तानी तत्वों से जुड़ा हो सकता है आरोपी



**ग्रुप ऑडियो कॉल ट्रेनिंग देने का आरोप**

रिपोर्ट के अनुसार आरोपी की पहचान बर्मिंघम यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर उदय रेड्डी के रूप में की गई। आरोप के अनुसार वह मणिपुर में धार्मिक आधार पर समुदायों के बीच तनाव पैदा करने के लिए ऑनलाइन काम कर रहा है प्रोफेसर उदय रेड्डी की ओर से इस मामले को लेकर अभी तक कोई बयान नहीं आया है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने उन्हें बताया कि प्रोफेसर उदय रेड्डी सोशल मीडिया पर ग्रुप ऑडियो कॉल होस्ट करता है और मणिपुर में लोगों को निर्देश देता है कि राज्य में कानून व्यवस्था कैसे खराब किया जाए।

**यूएपीए एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग**

शिकायतकर्ता ने अपने एफआईआर में कहा, आरोपी व्यक्ति और उसके सहयोगियों की गैरकानूनी गतिविधियां राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के बराबर है, जो देश की अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने जैसा है। आरोपी पर यूएपीए (यूएपीए) एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए. आरोपियों के कनाडा में खालिस्तानियों और नार्को-आतंकवादी ग्रुप से साथ जुड़े होने की अधिक संभावना है।

## रियासी आतंकी हमला : एनआईए ने पांच लोकेशन पर की छापेमारी




रियासी आतंकवादी हमले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में छापेमारी की है। एनआईए ने मामले की जांच 15 जून को अपने हाथ में ली थी। इसी मामले की जांच के दरमियान एजेंसी ने हाइब्रिड आतंकियों और ओवरग्राउंड वर्कर्स से जुड़े पांच स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इसी महीने की शुरुआत में 9 जून को रियासी जिले के पौनी इलाके में एक बस पर आतंकियों ने हमला किया था। बस शिव खोरी से कटरा जा रही थी, जब आतंकियों ने गोलीबारी की थी। हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी, जिसमें एक बच्चे समेत 9 लोगों की मौत हो गई थी।

**6000 रुपये के बदले आतंकियों को किया सपोर्ट**

गृह मंत्रालय के आदेश पर बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए ने शुरू की थी। गिरफ्तार आरोपी हाकम खान उर्फ हाकिन दीन ने इन स्थानों की ओर इशारा किया था। एनआईए की जांच के मुताबिक, हाकम ने आतंकियों को सुरक्षित आश्रय, रसद और भोजन उपलब्ध कराया था। मामले में एनआईए जांच के हिस्से के रूप में की गई तलाशी में आतंकवादियों और ओजीडब्ल्यू के बीच संबंधों को दर्शाने वाली कई चीजें जब्त की गईं। जांच के दौरान पूछताछ में हाकिन दीन ने बताया कि तीन आतंकवादी उसके घर पर ठहरे हुए थे। उसने बताया कि आतंकवादियों ने उसे 6,000 रुपये दिए थे, जो उससे बरामद कर लिए गए हैं।

*मोदी 3.0 की पहली मन की बात, 111वें एपिसोड में पीएम ने किया आग्रह*

# 'हर देशवासी अपनी मां के नाम पर लगाए पेड़ और धरती मां को बचाए'



**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन महीने बाद 30 जून को 111वीं बार मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि मैंने आपको तीन महीने पहले कहा था कि मैं फिर मिलूंगा। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर हर देशवासी अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाए और धरती मां को बचाए।पीएम मोदी ने जलवायु परिवर्तन के कारण बदल रहे मौसम के लिए पौधारोपण को जरूरी बताया। इससे पहले पीएम मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 25 फरवरी को आखिरी 110वां एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया था।

**दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव**

पीएम मोदी ने कहा कि मन की बात रेडियो कार्यक्रम भले ही कुछ महीनों के लिए बंद हो गया हो...लेकिन मन की बात की भावना...देश, समाज के लिए किया गया काम, हर दिन किया गया अच्छा काम, निस्वार्थ भाव से किया गया काम...वह काम जिसमें एक समाज पर सकारात्मक प्रभाव निरंतर जारी रहा। मैं आज देशवासियों को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना अटूट विश्वास दोहराया है। लोकसभा चुनाव 2024 दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव नहीं हुआ है, जिसमें 65 करोड़ लोगों ने वोट डाले हों. मैं चुनाव आयोग और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों को बधाई देता हूं।

**आदिवासी समुदाय का जिक्र**

*पीएम मोदी ने कहा कि आज 30 जून का दिवस आदिवासी समुदाय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई थी। यह 1857 की क्रांति से पहले हुई थी। हमारे आदिवासी समुदाय के लोगों के खिलाफ अंग्रेजों ने तमाम प्रतिबंध लगा दिए थे। इस लड़ाई में झारखंड के वीर सपूतों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।*

**बीजेपी बोली- शरिया अदालतें लग रहीं**

# बंगाल में महिला को तालिबानी सजा, सड़क पर लाठी से पीटा

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सड़क पर एक व्यक्ति की ओर से महिला सहित 2 लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।विपक्षी दलों सीपीएम और बीजेपी की ओर से बताया गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है। यह घटना पिछले हफ्ते की बताई जा रही है। विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है और उसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। वह लोकल मसलों पर 'त्वरित न्याय' के लिए जाना जाता है। वीडियो में महिला को एक आदमी बार-बार लाठियों से मारता दिख रहा है। वह दर्द से कराह रही है। मौके पर कुछ और लोग मौजूद हैं जो चुपचाप खड़े होकर तमाशा देख रहे हैं। घटना को लेकर पुलिस का कहना है कि आरोपी तजम्मुल के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।



**आरोपी टीएमसी विधायक का करीबी :** बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के लिए पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा तजम्मुल स्थानीय विधायक हमीदुर रहमान का करीबी सहयोगी है।' उन्होंने कहा कि देश को टीएमसी की ओर से संचालित पश्चिम बंगाल में शरिया अदालतों के बारे में जानना चाहिए।

### आरक्षण के मुद्दे पर अखिलेश ने घेरा भाजपा को



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कथित तौर पर आरक्षण के बुनियादी मूल्य के खिलाफ काम करने के लिए भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने बीजेपी पर पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्याक) परिवारों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''जब से भाजपा सत्ता में आई है, उन्होंने आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की है। वे आरक्षण के मूल सिद्धांतों के खिलाफ काम कर रहे हैं। भाजपा पीडीए (पिछड़ा, दलित, आदिवासी) के आरक्षण के साथ छेड़छाड़ कर रही है।

# नए विवाद में घिरे प्रदीप मिश्रा! मां ताप्ती के अपमान का आरोप

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पंडित प्रदीप मिश्रा ने राधारानी के विवादित बयान पर शनिवार को बरसाने में माफी मांगी ही थी कि रविवार को फिर से एक नया विवाद शुरू हो गया। ताप्ती नदी से जुड़े एक बयान को लेकर अब उनका विरोध हो रहा है। मुलताई स्थित ताप्ती मंदिर के पुजारी सौरभ जोशी ने कहा है कि पंडित प्रदीप मिश्रा माफी मांगे। दरअसल, मुलताई स्थित ताप्ती मंदिर के पुजारी सौरभ जोशी ने एक वीडियो जारी किया है। उसमें उन्होंने कहा है कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने कथा में बताया है कि ताप्ती महारानी भागवान कृष्ण पर मोहित हो गईं थीं, जिस कारण यमुना ने उन्हें श्राप दिया था। जबकि इस बात का शास्त्रों में कोई उल्लेख नहीं है।

**मंदिर के पुजारी सौरभ जोशी ने कहा- माफी मांगे**



**मां ताप्ती को लेकर दिया है बयान :** बता दें कि दिसंबर 2022 में पंडित प्रदीप मिश्रा बैतूल में शिवपुराण की कथा के लिए गए थे। वहां माता यमुना और ताप्ती से जुड़ी कथा कही थी। इसे लेकर ही नया विवाद खड़ा हो गया है। इसका वीडियो वायरल है। इधर, ताप्ती मंदिर के पंडित सौरभ जोशी ने वीडियो जारी करते हुए कहा है कि पंडित प्रदीप मिश्रा लोगों को गुमराह कर रहे हैं। मिश्रा मुलताई आकर ताप्ती में जल आचमन कर क्षमा याचना करें। गौरतलब है कि राधारानी पर दिए विवादित बयान को लेकर प्रदीप मिश्रा ने बरसाना जाकर नाक रगड़ कर माफी मांगी है। अब फिर एक विवाद सामने आ गया है। पंडित प्रदीप मिश्रा की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।


**इंडियनऑयल**
IndianOil
CIN – L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग | मध्य प्रदेश राज्य कार्यालय

**पुनः ड्रॉ की सूचना**

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा सूचित किया जाता है की एलपीजी वितरक हेतु निम्नलिखित स्थानों के लिए पुनः ड्रॉ दिनांक 04.07.2024 को सुबह 11:00 बजे से स्थान इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, इंडियन ऑयल भवन, राजीव गांधी मार्ग (वीआईपी रोड) पीओ: रवीग्राम, तेलीबांधा, रायपुर, छत्तीसगढ़ – 492006 में आयोजित किया गया है।

| क्रमांक | लोकेशन का नाम | जिला | ओएमसी | बाज़ार के प्रकार | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निमधा, सिवनी | गौरेला–पेंड्रा–मरवाही (पूर्व बिलासपुर) | आईओसी | ग्रामीण | एसटी |
| 2 | सलखान | जांजगीर–चांपा | आईओसी | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | ओपन |
| 3 | बड़ेसाल्ही, जिल्दा, पोंडी, तोलंगा | कोरिया | आईओसी | ग्रामीण | एसटी |
| 4 | खैरा सेतगंगा | मुंगेली | आईओसी | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | ओपन |
| 5 | चिलहाटी, आमाटोला, रेंगाकथेरा, मांगूटोला | मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी (पूर्व राजनन्दगाँव) | आईओसी | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | एसटी |
| 6 | अम्बिकापुर (दर्रीपारा, मणिपुर) | सरगुजा | आईओसी | शहरी | एसटी |

पुनः ड्रॉ के लिए योग्य पाये गये आवेदकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित समय पर उपरोक्त दिनांक एवं स्थान पर अपने फोटो पहचान पत्र जो किसी भी शासकीय विभाग द्वारा जारी किया गया हो, के साथ स्वयं उपस्थित रहें।

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर


**उज्जैन में सावन मास में किया गया है बदलाव**

# भस्म आरती में वीकेंड पर वीआईपी ट्रीटमेंट बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उज्जैन

अगर आप सावन मास में बाबा महाकाल की भस्म आरती के लिए जा रहे हैं तो वीकेंड यानी शनिवार-रविवार को जाएं। इन दो दिनों में किसी को भी वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलेगा। इससे आम जनता आसानी से बाबा महाकाल की भस्म आरती कर सकेगी। सावन मास में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए महाकाल मंदिर समिति ने दर्शन व्यवस्था में ये बदलाव किया है। इन दो दिनों में किसी भी अधिकारी से लेकर मीडियाकर्मियों को प्रॉटोकोल नहीं मिलेगा। अभी भस्म आरती में 1700 श्रद्धालुओं को अनुमति मिलती है। इनमें से 700 से अधिक आम श्रद्धालु होते हैं। जबकि, 400 श्रद्धालु ऑनलाइन अनुमति लेकर आते हैं। बाकी के भक्त घंटों लाइन में खड़े होकर ऑफलाइन भस्म आरती की अनुमति लेते हैं। इनके अलावा 400 से ज्यादा लोग वीआईपी प्रॉटोकोल के जरिये भस्म आरती में शामिल होते हैं।

**अप्रैल में भी बदले नियम :** गौरतलब है कि अप्रैल महीने में भी बाबा महाकाल मंदिर समिति ने नियमों में बदलाव किए थे। उनके मुताबिक, श्रद्धालुओं और मीडियाकर्मियों की नंदी हॉल में एंट्री पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। समिति ने गर्भगृह में प्रवेश के लिए पुजारियों के लिए भी नियम बनाए थे। दरअसल, 25 मार्च की सुबह भस्म आरती में गुलाल के कारण गर्भगृह में आग लग गई थी। इस आग में 14 पुजारी आग की चपेट में आ गए थे। तब से मंदिर समिति और जिला प्रशासन महाकाल मंदिर की उत्तम व्यवस्था में जुट गया था।



**3 लाख से ज्यादा भक्त**

*बता दें, सावन के महीने में 3 लाख से ज्यादा भक्त रोज बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए आते हैं। शनिवार और रविवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता है। उज्जैन कलेक्ट नीरज कुमार ने कहा कि भक्तों की इतनी संख्या को देखते हुए दो दिन प्रॉटोकोल खत्म कर दिया गया है। इससे आम लोगों को फायदा होगा। फिलहाल प्रशासन सावन महीने को देखते हुए ये बदलाव कर रहा है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो आगे भी इसे लागू किया जा सकता है।*


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** एस-06-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** एडीईएन, नागभीड़ के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सीटीआर (पी) - पीक्यूआरएस द्वारा बीएमपी-जी के बीच 52 किलोग्राम 'डी' मार्क रेल को हटाना।
**अनु. निविदा मूल्य:** ₹ 18,76,22,145/-
**बयाना राशि:** ₹ 10,88,100/-

**2. निविदा क्र.:** ई-11-एनजीपी-2024-2025 **कार्य का नाम:** नागपुर मंडल में दुर्ग-एनजीपी सेक्शन के बीच मौजूदा ट्रैक और यार्ड का सर्वेक्षण, एल-सेक्शन ईएसपी / प्लान तैयार करना, मौजूदा ईएसपी / प्लान में सुधार।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 46,35,004/-
**बयाना राशि:** ₹ 92,700/-

उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **16.07.2024** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है। मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**मंडल अभियंता (दक्षिण), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**
AIM/14-49
स्वच्छ भारत अभियान — एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**अधिसूचना क्र.: 2023/C/Chg./STBA/VI/R**
**1. कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत एनएसजी-6 श्रेणी के विभिन्न स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति इच्छुक पार्टियों से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए रेल टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति। **2. धरोहर धन राशि:** एनएसजी-6 श्रेणी स्टेशनों के लिए क्रमशः ₹ 2,000/-. **3. निविदा प्रपत्र मूल्य:** ₹ 590/- (रूपये पांच सौ नब्बे मात्र) प्रति निविदा प्रपत्र। **4. आवेदनप्रपत्रजारीकरने की अवधि:** दिनांक **05.07.2024** से **01.08.2024**, समय **10:00** बजे से **17:00** बजे तक सभी कार्यालय कार्य दिवसों में। **5. आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दि. **02.08.2024**, समय **15:00** बजे तक। **6. आवेदन पेटी को खोलने की तिथि एवं समय:** दिनांक **02.08.2024**, समय **15:30** बजे।
आवेदक अपना आवेदन सीलबंद लिफाफे में वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, रायपुर को संबोधित करते हुए दिनांक **02.08.2024** के **15:00** बजे तक आवेदन पेटी जो वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय परिसर, द.पू.म. रेलवे, वाल्टेयर गेट के निकट, आरवीएच कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) में उपलब्ध है, उस में जमा करें। किसी भी आवेदन के अंश भाग अथवा पूर्ण निविदा को बिना कारण बताए स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार रेलवे प्रशासन अपने पास रखती है। पात्रता मापदण्ड, नियम व शर्तें और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण के लिए कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं एवं हमारी वेबसाइट **www.secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध दस्तावेज / निविदा प्रपत्र देख व डाउनलोड कर सकते हैं।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), द.पू.म. रेलवे, रायपुर**
PR/R/SR.DCM/FL/58
South East Central Railway @secrail

# भारत के टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन बनने पर देश में दिनभर मना जश्न



सूरत



नई दिल्ली



अहमदाबाद

# बीसीसीआई भारतीय टीम पर मेहरबान 125 करोड़ रुपए देने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के बड़ा ऐलान किया है। जय शाह ने बताया है कि अब भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी। साथ ही कहा कि उन्हें टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई।

## टी20 वर्ल्ड कप : प्राइज मनी

| राउंड | देश | प्राइज मनी |
|---|---|---|
| विजेता | भारत | 20.36 करोड़ |
| उपविजेता | दक्षिण अफ्रीका | 10.64 करोड़ |
| अंतिम 4 टीम | अफगानिस्तान, इंग्लैंड | 6.54 करोड़ |
| सुपर-8 | ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज, अमेरिका | 3.17 करोड़ |
| 9 से 12वें | टीम | 2.05 करोड़ |
| 13 से 20वें | टीम | 1.87 करोड़ |

## सूर्यकुमार बने 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक'

भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव जय शाह ने सूर्यकुमार यादव को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक का पुरस्कार प्रदान किया जिन्होंने खतरनाक डेविड मिलर का शानदार कैच लपका जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुआ। भारतीय क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप ने खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक' चुनने की प्रथा शुरू की थी। उन्होंने भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षण की प्रशंसा 'भेड़ियों के झुंड' से की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



## खबर संक्षेप



### प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराया

**बुकारेस्ट।** जीत का मौका गंवाने के बाद ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने आखिरकार सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को हराया। विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को ड्रॉ पर रोका। वहीं फेबियानो कारूआना ने रोमानिया के डीक बोगडेन डेनियल को हराया। कारूआना ने अब एकल बढ़त हासिल कर ली है और लाइव विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

### यह दिल को झकझोरने वाली हार : मारक्रम



**ब्रिजटाउन।** टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ निराशाजनक हार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने चुभने वाला करार देते हुए उम्मीद जतायी कि यह प्रदर्शन अगली बार टीम को बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा। मारक्रम ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह क्रिकेट का पहला मैच नहीं है जिसमें 30 गेंदों में से 30 की जरूरत वाली टीम को हार का सामना करना पड़ा है। भारत ने अच्छी गेंदबाजी और कमाल के क्षेत्ररक्षण से शानदार वापसी की। यह हार चुभने वाली है लेकिन इससे आने वाले टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए टीम की भूख बढ़ेगी।'


### इंग्लैंड टीम से बेयरस्टो फोक्स और लीच बाहर



**लंदन।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से पहले अपनी टेस्ट टीम से जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स और जैक लीच को बाहर कर दिया। पहले दो टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम में इंग्लैंड ने तीन 'अनकैप्ड' खिलाड़ियों को शामिल किया है जिसमें विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ और तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और डिलन पेनिंगटन शामिल हैं। लीच की जगह युवा स्पिनर शोएब बशीर को टीम में शामिल किया गया है। जेम्स एंडरसन को चुना गया है लेकिन यह 41 वर्षीय तेज गेंदबाज संन्यास लेने से पहले 10 जुलाई से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले पहले टेस्ट में ही खेलेगा।

कोपा अमेरिका

# मेसी के बिना अर्जेंटीना ने पेरू को 2-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स

लौरेटो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के आखिरी ग्रुप मैच में पेरू को 2-0 से हराया। मार्टिनेज ने एंजेल डि मारिया के पास पर 47वें मिनट में पहला गोल किया। वह गोल करने के बाद अर्जेंटीना बेंच के पास खड़े मेस्सी को गले लगाने गए। उन्होंने 86वें मिनट में दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका चौथा गोल है। मेसी को चिली के खिलाफ पिछले मैच में पैर में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह इस मैच में नहीं खेले। चिली को एक गोल से हराकर अर्जेंटीना क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुका है।

### कनाडा क्वार्टर फाइनल में पहुंचा


*ओरलैंड। गोलकीपर मैक्सिम क्रेपीयू के शानदार प्रदर्शन की मदद से कनाडा ने चिली से गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार खेलते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल के अंतिम आठ में जगह बना ली। चिली को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जब गैब्रियल सुआजो को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया। उन्हें 12वें मिनट में पहला पीला कार्ड मिला था। कनाडा ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जब ग्रुप ए में शीर्ष पर काबिज अर्जेंटीना ने पेरू हराया। कनाडा ने दूसरे मैच में पेरू को हराया था।*

### यूरो 2024 : जर्मनी फाइनल से दो जीत दूर

*डॉर्टमंड। मेजबान जर्मनी ने बारिश और तूफान के बीच हुए मैच में डेनमार्क को 2-0 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब जर्मन टीम 14 जुलाई को होने वाले फाइनल से दो जीत दूर है। जर्मनी के लिए केइ हावर्त्ज ने पहला और जमाल मुसियाला ने दूसरा गोल दागा जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा गोल था। जर्मनी की 2016 के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में यह पहली जीत थी। अब उसका सामना स्पेन या जॉर्जिया से होगा।*

### 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा भारत दक्षिण अफ्रीका का फाइनल मैच

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले को दुनियाभर में देखा गया। टीम इंडिया की जीत पर क्रिकेट फैन्स से जमकर जश्न मनाया। मैच के दौरान जहां बारबाडोस का स्टेडियम पूरी तरह से भरा हुआ था, वहीं लोगों ने मैच का आनंद अपने टीवी और लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए भी देखा। मैच में कई सारे रिकॉर्ड बने, तो कई टूटे भी। इस दौरान दर्शकों ने भी खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। टी20 विश्व कप फाइनल मैच को ओटीटी स्ट्रीमिंग मंच पर 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। हालांकि यह आंकड़ा पिछले साल नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्वकप फाइनल मैच के रिकॉर्ड दर्शकों से कम रहा। पिछले साल 20 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवरों के प्रारूप के फाइनल मैच को देखने वालों की अधिकतम संख्या 5.9 करोड़ थी। हालांकि मेजबान देश भारत हार गया था।




### कौशल को निखारने पर सिंधू का फोकस

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं लेकिन उन्हें महसूस होता है कि ओलंपिक में तीसरा पदक जीतने के लिए उन्हें और अधिक 'चतुर ' होने की जरूरत है। रियो और टोक्यो में पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का लक्ष्य तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का है। सिंधू ने भारतीय खेल प्राधिकरण, भारतीय ओलंपिक संघ और भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित बातचीत के दौरान कहा, 'यह चुनौतीपूर्ण है। यह आसान नहीं है, पर असंभव भी नहीं है।'



# पंड्या बोले- जो मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते उन्होंने इतना कुछ कहा

एजेंसी ▶▶| बारबाडोस

भारत को टी20 विश्व कप के फाइनल में जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का अनुभव आईपीएल 2024 में अच्छा नहीं रहा था। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर उनकी नाकामी के बाद प्रशंसकों ने उन्हें निशाने पर लिया था। यहां तक कि मैदान पर उनकी जमकर हूटिंग भी की गई थी। टी20 विश्व कप



फाइनल में हार्दिक ने अपने प्रदर्शन से आलोचकों का मुंह बंद कर दिया।

हार्दिक ने आखिरी ओवर में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन नहीं बनाने दिए। हार्दिक ने कहा, मैं गरिमा में विश्वास करता हूं। जो लोग मुझे एक प्रतिशत भी नहीं जानते, उन्होंने इतना कुछ कहा। लोगों ने बोला लेकिन कोई बात नहीं। मेरा हमेशा मानना है कि शब्दों से जवाब नहीं देना चाहिए, हालात जवाब दे देते हैं। खराब समय हमेशा नहीं रहता। गरिमा बनाए रखना जरूरी है, चाहे आप जीतें या हारें। प्रशंसकों और सभी को शालीनता से रहना सीखना होगा। हमें बेहतर आचरण रखना चाहिए। मुझे यकीन है कि अब वे ही लोग खुश होंगे। ईमानदारी से कहूं तो मुझे मजा आ रहा था। बहुत कम लोगों को ऐसे जिंदगी बदलने वाले मौके मिलते हैं। यह दांव उलटा भी पड़ सकता था लेकिन मैं आधा भरा गिलास देखता हूं, आधा खाली नहीं। मैं दबाव नहीं ले रहा था और अपने कौशल पर भरोसा था। यह पल हमारी किस्मत में लिखा था।




# राणा के आठ विकेट, दक्षिण अफ्रीका के फॉलोऑन के बाद दो विकेट पर 232 रन

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

स्पिनर स्नेह राणा के आठ विकेट के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत के फॉलोऑन देने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट के तीसरे दिन शीर्ष क्रम बल्लेबाज सुने लुस के शतक से दूसरी पारी में वापसी करने करते हुए दो विकेट पर 232 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत से 105 रन से पीछे है।

इससे पहले स्नेह राणा ने 77 रन देकर आठ विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी महज 266 रन पर सिमट गई। लुस ने 203 गेंद की पारी में 18 चौके की मदद से 109 रन बनाए। उन्हें कप्तान



लौरा वुलवार्ट (नाबाद 93 रन) का अच्छा साथ मिला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 190 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका का संघर्ष जारी है। राणा का यह प्रदर्शन भारत की नीतू डेविड (53 रन पर आठ विकेट) और ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर (66 रन पर आठ विकेट) के बाद महिला टेस्ट की एक पारी में तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा है। भारत ने पहली पारी में 337 रन की विशाल बढ़त के बाद दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन दिया।




एक अरब से ज्यादा कीमत

# 22 साल बाद बिकने जा रहा राजकुमारी डायना का पुश्तैनी घर



**नई दिल्ली।** राजकुमारी डायना का पुश्तैनी घर 22 साल बाद बिकने वाला है। यह घर उनके पिता और सौतेली मां का बताया जा रहा है। इंग्लैंड स्थित लंदन के मेफेयर क्षेत्र के इस घर की कीमत 1.3 करोड़ डॉलर यानी लगभग एक अरब रुपये से ज्यादा लगाई गई है। वेदरेल के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष पीटर वेदरेल ने बताया कि राजकुमारी डायना का यह प्रभावशाली घर 22 सालों में पहली बार बिकने वाला है, जिसे वे एक अन्य साथी के साथ मिलकर बेचेंगे।



यह संपत्ति 2000 के दशक की शुरुआत तक काउंटेस स्पेंसर के स्वामित्व में रही थी। इसके बाद वह एक हवेली के फ्लैट में रहने लगी थीं। 2000 में ही इस पुश्तैनी घर को काउंटेस स्पेंसर ने एलन और मैरी होबार्ट नामक कला संग्राहकों को बेच दिया था। 2021-2024 की शुरुआत में एलन और मैरी की मृत्यु के बाद इस घर को उनके परिवार वालों द्वारा बेचा जा रहा है। वेदरेल और चेस्टरटन्स नामक कंपनियां इस टाउनहाउस को बेच रही हैं।

इस घर की पहली मंजिल पर एक रिसेप्शन हॉल और भोजन कक्ष है। यहां पर एक रसोई भी है, जो आंगन में खुलती है। इसके अलावा इस घर की चारों मंजिलें लिफ्ट से जुड़ी हुई हैं। इसमें एक दक्षिण मुखी छत, आंगन, भूमिगत कार पार्किंग और एक निजी गैराज भी है। इस घर में एक ड्राइंग रूम, लाइब्रेरी और 5 बेडरूम हैं। इनमें से 3 बेडरूम दूसरी मंजिल पर और 2 शीर्ष मंजिल पर हैं। सभी कमरों में अलग बाथरूम और ड्रेसिंग रूम बनवाए गए हैं।

### 1980 के दशक की शुरुआत में बना था यह घर

बता दें कि 24 फार्म स्ट्रीट पर स्थित यह 4 मंजिला टाउनहाउस 1980 के दशक की शुरुआत में बनाया गया था। इसे 1990 में राजकुमारी डायना के परिवार ने खरीदा था। उनके पिता अर्ल स्पेंसर ने इसे उनकी सौतेली मां काउंटेस राइन स्पेंसर को उपहार में दिया था। 1992 में अर्ल स्पेंसर की मृत्यु के बाद, काउंटेस स्पेंसर ने संपत्ति का पूर्ण स्वामित्व ग्रहण कर लिया था।





**हरिभूमि माह जून 2024 का मासिक बिल**

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 30 दिन | 5.00 | 150.00 |
| | कुल | 150.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जून 2024 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।

व्यवस्थापक




वर्ल्ड रिकॉर्डधारी भाई!

## एक ने चंदन की लकड़ी पर रामसेतु दूसरे ने शंख पर उकेरी रामायण





**नई दिल्ली।** धार्मिक नगरी उज्जैन के दो युवा भाइयों ने महाकाल की नगरी का नाम रोशन किया है। दोनों भाई का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। दोनों चचेरे भाइयों में से एक ने चंदन की लकड़ी पर रामसेतु बनाया है, तो वहीं दूसरे भाई ने शंख पर रामायण की पूरी कहानी का निर्माण किया है। चित्रकार चेतन पिता नवीन कैथवास ने चंदन की लकड़ी के छोटे से टुकड़े पर रामसेतु की पूरी कहानी बनाकर अपना नाम 5वें वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करवा लिया है। इसी प्रकार सौरभ पिता रूपेंद्र कैथवास ने शंख पर पूरी रामायण बनाकर अपना नाम चौथी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज करवाया।

### रामसेतु में बनाई गईं 80 कलाकृतियां

बाबा महाकाल की नगरी मे चेतन ने रामसेतु की पूरी कहानी का निर्माण 10.5 बाय 2 सेमी के चंदन की लकड़ी के एक छोटे से टुकड़े को स्पाइरल के आकार पर उकेर कर किया गया है, जिसमें वानर सेना की कुल 80 आकृतियां हैं। इसमें वानर सेना पहाड़ लाकर पुल बनाते हुए दर्शाए गए हैं।

### शंख पर रामायण की कुल 24 आकृतियां

महाकाल की नगरी के सौरभ ने रामायण की पूरी कहानी का निर्माण 2.5 बाय 1.6 सेमी के छोटे से समुद्र के शंख के तीन भाग में किया गया है। जिसमें रामायण की कुल 24 आकृतियां हैं। शंख के ऊपरी भाग में भगवान श्रीराम के जन्म, उनकी शिक्षा, श्रीराम और देवी सीता के विवाह, वनवास, सीताहरण और हनुमान समुद्र को पर करते दिखाई दे रहे है, जिन्हें जल रंग के माध्यम से मात्र 2 घंटे में बनाकर अपना नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है।










## ब्रह्मपुत्र नदी के गहरे पानी में तैरता दिखा हाथियों का झुंड



**नई दिल्ली।** हाथियों को अक्सर भूमि के भारी-भरकम प्राणी के रूप में देखा जाता है, लेकिन असम में एक हालिया वीडियो ने उनके अद्भुत तैराकी कौशल को उजागर किया है। फोटोग्राफर सचिन भराली ने ड्रोन फुटेज के माध्यम से हाथियों के एक झुंड को ब्रह्मपुत्र नदी के गहरे पानी में तैरते हुए कैद किया है। यह वीडियो निमाती घाट पर फिल्माया गया है, जहां हाथियों का यह झुंड गहरी नदी में तैरता हुआ दिख रहा है और उनके शरीर का केवल ऊपरी भाग दिखाई दे रहा है।

इस अद्भुत वीडियो ने कई लोगों को हैरान कर दिया है और यह साबित किया है कि हाथी पानी में भी तैर सकते हैं। आईएएस अधिकारी सुप्रिया साहू ने भी इस अद्भुत दृश्य पर कमेंट किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किया गया यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया है और इसे अब तक 4.2 मिलियन से ज्यादा बार देखा जा चुका है। सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो पर हैरानी और तारीफ के साथ मिलीजुली प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक साथ तैरते हाथियों की शांत और शक्तिशाली कल्पना न केवल उनकी अनुकूलनशीलता बल्कि असम की अविश्वसनीय जैव विविधता को भी उजागर करती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com